

02:11:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

रांची पारा अपडेट
मैक्सिमम 29.00 °c | मिनीमम 18.00 °c
सूर्यास्त (आज) ›› 17 .10 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .53 बजे

web: www.rashtriyakhabar.com | पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 298 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080




## विदुर नीति

किन्नु मे स्यादिदं कृत्वा किन्नु मे स्यादकुर्वतः।

इति कर्माणि संचिंत्य कुर्यादा पुरुषो न वा॥

भावार्थ : निष्कर्ष यह कि कार्य करने से पूर्व परिणाम की शुभता-अशुभता का विचार करना चाहिए। भली प्रकार विचार करने के बाद ही काम करें, वरना न करें।

## पुष्कर मेला आगामी 14 से 27 नवम्बर तक

**अजमेर:** राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में इस बार अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित होगा। विधानसभा चुनाव के बावजूद जनभावनाओं के मद्देनजर पुष्कर मेला हर साल की भांति 14 दिनों का ही रहेगा । प्राप्त जानकारी के मुताबिक झण्डा चौकी के साथ 14 नवम्बर को मेले का आगाज होगा और 16 नवम्बर को चौकियों की स्थापना होगी । 18 नवम्बर को ध्वजारोहण के साथ मेला विधिवत शुरू होगा । 19 को पशुओं की रवन्ना तथा गीर प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा । 19 से 23 नवम्बर तक पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा । 23 एवं 26 नवम्बर को सायं व रात्रिकालीन पारी में सांस्कृतिक कार्यक्रम व म्यूजिकल नाइट होगी । 27 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा को जब महास्नान चलेगा। तभी पुष्कर मेला मैदान पर पुरस्कार वितरण समारोह तथा मेले का समापन हो जायेगा।

## तृतीय केदार श्री तुंगनाथ के कपाट बंद

**देहरादून,/श्री तुंगनाथ/उखीमठ( रूद्रप्रयाग):** हिमालय की सर्वोच्च हिमाच्छादित श्रृंखला पर उत्तराखंड में स्थित तृतीय केदार के रूप में विद्यमान श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे वैदिक मंत्रोचार एवं विधि विधान से शीतकाल हेतु बंद हो गये है। इस अवसर पर, पंद्रह सौ श्रद्धालुओं ने बाबा तुंगनाथ के दर्शन किये। पहली बार इस वर्ष श्री तुंगनाथ जी में एक लाख, पैंतीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। आज ब्रह्म मुहुर्त में मन्दिर के कपाट खुलने के बाद नित्य प्रति की भांति प्रातःकालीन पूजा-अर्चना तथा दर्शन शुरू हुए। तत्पश्चात दस बजे से कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हो गयी।

## 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल हुए

**नयी दिल्ली:** आयकर विभाग ने आज कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। विभाग ने यहां आंकड़े जारी करते हुये समय पर अनुपालन के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना की और कहा कि 31 अक्टूबर आईटीआर 7 को छोड़कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। विभाग ने अब तक रिटर्न नहीं दाखिल करने वालों से समय पर कर अनुपालन करने की भी अपील की है। आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक दाखिल कुल रिटर्न अब का सर्वाधिक 7.85 करोड़ रिटर्न रहा है जबकि आंकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.78 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये थे। विभाग ने कहा कि आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल रिटर्न में से 7.51 करोड़ का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापित 7.51 करोड़ रिटर्न में से 7.19 करोड़ रिटर्न 31 अक्टूबर तक प्रोसेड किया जा चुका है ।

## जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली:** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपये रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** भारत और बांग्लादेश के बीच विकास परियोजनाएं चालू की गयी

# दो प्रधानमंत्रियों ने किया तीन परियोजनाओं का लोकार्पण

- परिवहन और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग
- पूर्वोत्तर भारत को इसका फायदा होगा
- परिवहन की लागत भी इससे कम होगी

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को भारत की सहायता से तैयार तीन विकास परियोजनाओं- अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया । दोनों नेताओं ने आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन तीन परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगी। अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क परियोजना भारत सरकार द्वारा बंगलादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत तैयार की गई है। बंगलादेश में 6.78 किलोमीटर लंबी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के साथ रेल सम्पर्क की कुल लंबाई 12.24 किलोमीटर है। खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 38.892 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से तैयार की गई है। इस परियोजना में मंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉडगेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही बंगलादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह, मंगला, ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। इसी तरह से 1.6 अरब अमरीकी डालर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋ ण के अंतर्गत मैत्री सुपर ताप विद्युत परियोजना, बंगलादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल स्थित 1320 मेगावाट (2गुणा660) का सुपर ताप विद्युत संयंत्र (एमएसटीपीपी) लगाया गया है। यह परियोजना बंगलादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट)

›› पेज 2 भी देखें



### मोदी ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

भोपाल: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए अपने संदेश में लिखा है, 'मध्यप्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। विकास की नित नई ऊंचाइयों को छू रहा हमारा मध्यप्रदेश अमृतकाल में देश के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान दे रहा है। मेरी कामना है कि यह राज्य प्रगति के पथ पर यूं ही निरंतर अग्रसर रहे।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासतों से परिपूर्ण यह प्रदेश विकास और गरीब कल्याण के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। आने वाले समय में प्रदेश विकास व प्रगति के शिखर पर पहुंचे, यही कामना है। अनेक केंद्रीय मंत्रियों ने भी मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के अनेक राजनेताओं ने भी नागरिकों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के कल्याण की कामना की है। मध्यप्रदेश की स्थापना एक नवंबर 1956 को हुयी थी। हालाकि एक नवंबर 2000 में राज्य पुनर्गठन के जरिए मध्यप्रदेश का विभाजन हुआ और छत्तीसगढ़ राज्य भी अस्तित्व में आया।

बेंगलुरु में लोगों को रात में नहीं निकलने की सलाह दी गयी

## व्हाइटफील्ड इलाके की कॉलोनियों में घूमता दिखा तेंदुआ



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरु:** यहां के व्हाइटफील्ड क्षेत्र में दो बार तेंदुए को देखे जाने की रिपोर्ट सामने आने के एक दिन बाद, उप वन संरक्षक ने एहतियाती सलाह जारी की, जिसमें बच्चों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई और लोगों से सुबह जल्दी और देर रात की सैर से परहेज करने का आग्रह किया गया। एक चेतावनी में, उप वन संरक्षक (बेंगलुरु शहरी प्रभाग) रवींद्र कुमार ने आगाह किया कि तेंदुआ वापस आ सकता है। उन्होंने कहा, लोग चिंतित हैं, लेकिन घटना के बाद से हमें कोई अपडेट नहीं मिला है। यह देखते हुए कि बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क सिर्फ 8 किमी दूर है, तेंदुआ आसानी से वापस आ सकता है। रवींद्र ने आगे कहा, हम लोगों को सुबह जल्दी और देर रात की सैर से बचने की सलाह देते हैं और बच्चों को घर के अंदर ही रहना चाहिए। हमने दो जाल पिंजरे तैनात किए हैं और कल दो और पिंजरे लगाएंगे। स्थिति के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया, 27 अक्टूबर को सीसीटीवी फुटेज में एक तेंदुआ शहर में प्रवेश करता है और फिर गायब हो जाता है। कुडलू गेट में 30-35 स्टाफ सदस्यों द्वारा गश्त के बावजूद, तेंदुए को नहीं पाया जा सका। इससे पहले रविवार को व्हाइटफील्ड इलाके में एमएस धोनी इंटरनेशनल स्कूल के पास एक तेंदुआ देखा गया था। स्कूल ने माता-पिता को एक ईमेल भेजा, जिसमें उनसे अपने बच्चों के लिए सभी सुरक्षा सावधानी बरतने का अनुरोध किया गया।

आवासीय कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में रात के अंधेरे में तेंदुए को घरों के नीचे के इलाके में घूमते देखा गया है। इससे खतरा और बढ़ गया है। वरना इससे पहले इस हिंसक जीव को सड़कों पर ही देखा गया था। दिन के उजाले में इसकी तलाश नहीं हो पायी है। इसी वजह से इस इलाके के लोगों को रात में बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी गयी है।

एप्पल के चेतावनी संदेश से नई राजनीतिक बहस शुरू

# फिर से चर्चा में आ गया पेगासूस का इस्तेमाल



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** भारत के विपक्षी दलों के कई शीर्ष नेताओं और कई पत्रकारों को ऐप्पल से एक अधिसूचना मिली है, जिसमें कहा गया है कि एप्पल का मानना है कि आपको राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, जो आपके ऐप्पल आईडी से जुड़े आईफोन से दूर से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। जिनलोगों को यह संदेश भेजा गया है, उनमें महुआ मोइत्रा प्रियंका चतुर्वेदी, राघव चड्ढा, शशि थरूर, असदुद्दीन ओवैसी, सीताराम येचुरी, पवन खेड़ा, अखिलेश यादव, सिद्धार्थ वरदराजन (संस्थापक संपादक, द वायर), श्रीराम कर्री (निवासी संपादक, डेक्कन क्रॉनिकल), समीर सरन (अध्यक्ष, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन), रेवती (स्वतंत्र पत्रकार), के.सी. वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत (कांग्रेस प्रवक्ता), राहुल गांधी के कार्यालय में काम करने वाले कई लोग, रेवंत रेड्डी, टी.एस. सिंहदेव, रवि नायर (पत्रकार, ओसीसीआरपी), के.टी. रामा राव (तेलंगाना मंत्री और बीआरएस नेता) और आनंद मंगनाले (क्षेत्रीय संपादक, दक्षिण एशिया, ओसीसीआरपी) शामिल हैं। इस चर्चा के बाद केंद्र सरकार की तरफ से यह कहा गया है कि एप्पल के अपने एल्गोरिदम की गड़बड़ी की वजह से ऐसा संदेश जारी हुआ है।

एप्पल की चेतावनी की भाषा वही है जो फोन निमार्ता ने अतीत में दुनिया भर में स्पाइवेयर के पीड़ितों को सचेत करने के लिए इस्तेमाल की है। तथ्य यह है कि भारत में कम से कम पांच व्यक्तियों को एक ही समय में (रात 11:45 बजे) एक ही चेतावनी प्राप्त हुई 30 अक्टूबर, 2023) सुझाव देता है कि जिन लोगों

›› पेज 2 भी देखें

## सीतलवाड़ की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने दंपति को मामले में जांच एजेंसी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत धन गबन के आरोपों पर दर्ज मुकदमे के मामले में सीतलवाड़, उनके पति और गुजरात पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया। पीठ ने गुजरात पुलिस और सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से जानना चाहा कि इस मामले में क्या बचा है। इस पर श्री राजू ने दावा किया कि आरोपी दंपति ने सहयोग नहीं किया था। उन्होंने कहा कि दंपति के लिए सुरक्षा जारी है, लेकिन ऐसा नहीं है कि ऐसी सुरक्षा का आनंद बिना किसी बंधन के लिया जाएगा। पीठ ने पूछा, अब क्या हुआ है? इसका क्या उद्देश्य है कि यह अब हमारे सामने आया? मुख्य मामले में क्या हुआ है। पीठ ने एक अलग मामले में कहा कि 2016 में एक आरोप पत्र दायर किया गया था और 2017 में जमानत नियमित कर दी गई थी। इसलिए मामले में कुछ भी नहीं बचा और याचिका का निपटारा किया जाता है। पीठ ने एक अन्य मामले का निपटारा करते हुए कहा कि कुछ नियमों और शर्तों पर जमानत देने को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की गई थीं। इस तरह काफी समय बीत चुका है।



संविधान,लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए कांग्रेस का सत्ता में आना जरूरी: खड़गे

# आदिवासी इलाके में कांग्रेस के पक्ष में अध्यक्ष ने समर्थन मांगा



- कुछ लोगों को भ्रम है कि 2014 में आजादी आयी
- हम वह वादा नहीं करते जो हम निभा नहीं सकते
- पीएम मोदी तो हर मौके पर झूठ ही बोलते रहते हैं

राष्ट्रीय खबर

**सुकमा:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगो से कहा कि अपने हित में काम करने के लिए ही कांग्रेस को फिर सत्ता नही सौंपे बल्कि संविधान,लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए भी उसे अपना समर्थन दे। श्री खड़गे ने छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी अंचल सुकमा एवं महासमुन्द में अलग अलग बड़ी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी जी,नेहरू जी ने आजादी दिलाई,और बाबा साहब अम्बेडकर ने ऐसा संविधान बनाया कि सभी को बराबरी का हक मिला।आजादी के समय देश में स्कूल कालेज अस्पताल कुछ नही था,कांग्रेस ने सत्ता में रहते सब कुछ उपलब्ध करवाया। भाजपा ने इस देश के लिए क्या किया।आजादी की लड़ाई में उनका क्या योगदान है। लेकिन ऐसा शो किया जाता हैं कि जैसे आजादी 2014 में मोदी के आने के बाद मिली हो। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए कुछ किया है इसलिए लोगो से वोट मांग रहे है। मोदी ने सत्ता में आने के बाद क्या किया। कांग्रेस के बनाए सरकारी उपक्रम बेचे और आदिवासियों को जल जंगल जमीन से वंचित करने उसे छीनने का काम किया। इनकी गलत नीतियों से अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब हो रहा है। महज 94 लोगो के पास देश की 50 प्रतिशत सम्पत्ति हैं जबकि गरीबों के पास महज तीन प्रतिशत। उन्होने कहा कि मोदी अपनी सरकार का काम नही गिनाते बल्कि गांधी

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## बाबूलाल आज से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के दौरे पर



रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 2 से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी शिवपूजन पाठक ने जानकारी दी कि बाबूलाल मरांडी 2 से 7 नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे। जबकि 8 से 10 नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे।

योजनाएं

### मुख्यमंत्री भोगनाडीह में करेंगे शुभारंभ

# संथाल से शुरू होगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आम लोगों की छोटी मोटी समस्या का समाधान के लिए हेमंत सरकार एक बार फिर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के जरिए जनता के बीच जाने की तैयारी में है। सरकार का यह तीसरा अभियान होगा। जिसमें राज्यभर में कैंप लगाकर जनता की समस्या का समाधान करने की कोशिश होगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीसरे चरण की शुरूआत 23 नवंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह से करनेवाले हैं। मुख्यमंत्री के द्वारा संथाल की धरती से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण की शुरूआत को अहम माना जा रहा है।




जानकारी के मुताबिक इसकी औपचारिक घोषणा झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रम के दौरान होगी। इधर, मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में होनेवाले दौरे को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है।

जिला स्तर से लेकर प्रखंडों में कैंप आयोजित कर आम जनता की समस्या का समाधान किया जाएगा।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत साल 2021 में की गई थी। अब तक दो चरणों में लाखों आवेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं। जिसमें अधिकांश आवेदन निष्पादित हो चुके हैं। सरकार इसे सफल मानते हुए तीसरे चरण की शुरूआत करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम कहते हैं कि हेमंत सरकार का यह महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसके जरिए लाखों लोगों को लाभ मिल चुका है।

आज की तारीख में 60 साल से उपर के सभी लोगों को वृद्धावस्था पेंशन या विधवा पेंशन जैसे आवेदन जीरो में है। झारखंड के ऐसे सभी लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। इस बार सरकार का मुख्य फोकस अबुआ आवास योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने का रहेगा। इसके लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में पंचायत स्तर पर शिविर लगाई जाएगी जिसमें सरकार के मंत्री और अधिकारी मौजूद रहेंगे। इन शिविरों में राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मनरेगा योजना, जमीन म्यूटेशन, सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

# श्रीराम प्रतिमा आठ फीट ऊंचे सोने के सिंहासन पर रहेगी



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** अयोध्या में रामलला की मूर्ति को 8 फीट ऊंचे सोने से बने सिंहासन पर रखा जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर का भूतल 15 दिसंबर तक तैयार किया जाना है, पहली मंजिल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राम लला की मूर्ति को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह के अंदर आठ फीट ऊंचे सोने से बने संगमरमर के सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंहासन राजस्थान के कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है और यह 15 दिसंबर तक अयोध्या पहुंच जाएगा। सिंहासन को राम मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा। यह आठ फीट ऊंचा, तीन फीट लंबा और चार फीट चौड़ा होगा, मिश्रा ने कहा, गर्भगृह का निर्माण पूरा हो चुका है। मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर का भूतल 15 दिसंबर तक तैयार किया जाना है और पहली मंजिल का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। पहली मंजिल पर 17 खंभे लगाए जा चुके हैं और केवल दो खंभे बाकी हैं। मिश्रा ने कहा, उम्मीद है कि पहली मंजिल की छत 15 दिसंबर तक बन जाएगी। परिक्रमा मार्ग के फर्श का काम भी पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि अब गृह मंडप के फर्श पर मार्बल बिछाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा, यात्री सुविधा केंद्र की तीनों मंजिलों की छतों का निर्माण हो चुका है, जबकि राम मंदिर की बाहरी दीवार के प्रवेश द्वार का काम अंतिम चरण में है और नवंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा। मिश्रा ने कहा कि राम भक्तों ने बड़ी मात्रा में सोने और चांदी की वस्तुएं भी दान की हैं। ट्रस्ट के गठन से पहले और बाद में दान की गई ये सोने-चांदी की वस्तुएं, सिक्के और ईंटें पिघला दी जाएंगी। मिश्रा ने कहा, दान की गई वस्तुओं को सुरक्षित रखने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें पिघलाकर एक ठोस खंड बनाकर सुरक्षित रखा जाएगा। यह काम एक प्रतिष्ठित संस्था के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

### अपराध के खिलाफ धनबाद में दुकानें बंद

# भाजपा ने एसएसपी को घेरा, सीएम से कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** धनबाद में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। आए दिन गोलीबारी की घटनाओं से व्यवसायी वर्ग चिंतित है। सुरक्षा की मांग को लेकर धनबाद के व्यवसायियों ने दुकानें बंद कर दी हैं। हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए प्रदेश भाजपा ने धनबाद के एसएसपी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। उन्होंने सीएम से व्यवसायियों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।भाजपा का आरोप है कि पूरे झारखंड में विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। धनबाद झारखंड का क्राइम कैपिटल बनता जा रहा है। गैंगस्टर खुलेआम पर्चा छोड़कर 'क आईएम बॉक की धमकी दे रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने यह कहते हुए सरकार को घेरा है कि डीआईजी के पद पर प्रमोशन के बाद भी धनबाद के एसएसपी को क्यों नहीं हटाया जा रहा है। उन्हें क्यों एसएसपी बनाकर रखा गया है। इस मेहरबानी से कई प्रश्न उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि धनबाद में कोयले का अवैध व्यापार फल फूल रहा है।भाजपा के हमले पर झामुमो ने काउंटर अटैक किया है। प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि धनबाद शुरू से ही माफियाओं की स्थली रही है। वहां की आपराधिक घटनाएं जगजाहिर हैं। भाजपा के ही एक विधायक हत्याकांड मामले में जेल में बंद है। जो ताजा घटना हुई है, उसपर गिरफ्तारी भी हुई है। लेकिन सिर्फ राजनीति करने के लिए इसको अवसर बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### कोल इंडिया स्तर पर सीएमपीडीआई को 7 पुरस्कार प्राप्त हुआ

# सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मिनी रत्न कम्पनी सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस-2023 समारोह आज दिनांक 01.11.2023 को संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री शंकर नागाचारी ने कोल इंडिया के झंडे को फहरा कर किया। समारोह की शुरूआत कॉरपोरेट गीत से हुई। इस मौके पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) श्री अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस)

सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) श्री ए0के0 राणा, जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई के प्रतिनिधि के अलावा सीएमपीडीआई परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री नागाचारी ने कहा कि देश की अपेक्षाओं के



अनुरूप कोल इंडिया कुल बिजली उत्पादन में बड़े पैमाने पर लगभग 55 प्रतिशत योगदान दे रही है और देश की प्राथमिक वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कोल इंडिया के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सीएमपीडीआई अपने स्तर पर वर्ष 22-23 में 29 जियोलॉजिकल रिपोर्ट्स (जीआर) के माध्यम से 383 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल कर विस्तृत गवेषण के जरिए लगभग 10 बिलियन टन कोयला संसाधनों को प्रमाणित श्रेणी में जोड़ा है। वर्ष 23-24 में 31 जीआर बनाने का एमओयू लक्ष्य रखा गया है। विभागीय स्तर पर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वेक्षण पर जोर देने के तहत वर्ष 22-23 में 163 लाइन किलोमीटर सिस्मिक सर्वे किए गए जो कि विभागीय संसाधनों द्वारा अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल 190 लाइन किलोमीटर विभागीय 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे का एमओयू लक्ष्य रखा गया है। गत वर्ष के दौरान सीएमपीडीआई ने 7 लाख मीटर एमओयू लक्ष्य की तुलना में 6.85 लाख मीटर ड्रिलिंग की है तथा चालू वित्त वर्ष में 7.5 लाख मीटर ड्रिलिंग का एमओयू लक्ष्य रखा गया है।

नागाचारी ने कहा कि सीएमपीडीआई ने एनआईसी के सहयोग से कोल इंडिया के लिए नया कोल ई-ऑक्शन प्लेटफार्म विकसित किया है। अभी तक सीसीएल, बीसीसीएल एवं एमसीएल के लिए इस प्लेटफार्म से 15 नीलामियां सफलतापूर्वक आयोजित की गयी हैं जिनमें कुल करीब 61 लाख टन कोयले की नीलामी हुई है। यह कार्य सीएमपीडीआई के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आगे चलकर संस्थान के लिए यह आय का एक बड़ा स्रोत हो सकता है। इसके अतिरिक्त, सीआईएल के सहयोग से सीएमपीडीआई डेटा एनालाइटिक्स के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में अग्रसर है।

# केंद्र के प्रति राज्य का गुस्सा वाजिब जल्द दूर होगी झारखंड में बालू की समस्या

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पलामू में बालू की समस्या को लेकर कहा कि केंद्र की ओर से लगातार राज्य के विकास में बाधा डालने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। यही वजह है कि राज्य में बालू की निलामी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और एक पखवाड़े में बालू की समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जीएसटी का पैसा रोके हुए है और अपनी मनमानी राज्य पर थोप रही है। उसी पर मुख्यमंत्री ने ऐसा




बयान दिया है।गौरतलब है कि पलामू प्रमंडल में 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं को नियुक्ति पत्र/ऑफर लेटर प्रदान करने गए थे। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद मीडिया द्वारा राज्य में बालू की समस्या को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्र की सरकार से सवाल पूछने को कहा था।अब राज्य की सत्ताधारी पार्टियां झारखंड मुक्ति मोर्चा और झारखंड कांग्रेस मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया को स्वाभाविक बताते हुए कहा है कि जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार, राज्य के विकास में बाधक बन रही है, उसके बाद इस तरह के बयान स्वभाविक है। सत्ताधारी दलों ने केंद्र की सरकार पर राज्य के फेडरल स्ट्रक्चर को भी नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पलामू में मीडियाकर्मियों द्वारा बालू को लेकर पूछे गए सवाल का अटपटा जवाब दिए जाने पर बीजेपी ने तीखी टिप्पणी की है। बीजेपी मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा है कि हर कुछ केंद्र पर टालने की आदत मुख्यमंत्री को हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र कहां है वह मुख्यमंत्री को पता होना चाहिए और इस तरह के अटपटे बयान से बचना चाहिए।

# एसीबी को अमर बाउरी व उनकी पत्नी के नाम अब तब नहीं मिला कोई पुख्ता सबूत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा जुटाने में लगी है। लेकिन अब तक उसके हाथ खाली हैं। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, एसीबी को अब तक एक भी ऐसी अचल संपत्ति की जानकारी नहीं मिली है, जो अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी कल्याणी देवी के नाम पर खरीदी गयी हो। बता दें कि एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से अमर कुमार बाउरी और उनकी पत्नी के नाम पर कितनी अचल संपत्ति खरीदी गयी है, इसकी जानकारी मांगी है। वहीं एसीबी ने दोनों के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को दिये हैं। एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में करीब एक सप्ताह रिकॉर्ड खंगाले गये। लेकिन फिलहाल ऐसे कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिसमें अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी का नाम दर्ज हो। एसीबी को अमर बाउरी व उनकी पत्नी के नाम अब तब नहीं मिला कोई पुख्ता सबूत रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ पीई दर्ज बता दें कि हेमंत सरकार की कैबिनेट के आदेश के बाद रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अउइ ने पीई (प्रीमनलरी इन्क्वाइरी) संख्या 02/2023 दर्ज की है। इसके साथ ही झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है।

पेज एक का शेष

## दो प्रधानमंत्रियों ने किया तीन .. .. ..

लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बंगलादेश विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की इकाई-1 का सितम्बर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और इकाई-2 का उद्घाटन आज किया गया। मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र के संचालन से बंगलादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी। खास तौर पर बांग्लादेश की रेल परियोजना और खुलना मंगला बंदरगाह रेल लाइन से उत्तर पूर्वी भारत को भी आर्थिक लाभ होगा। वहां माल परिवहन की लागत कम होने के साथ साथ माल पहुंचाने का समय भी कम हो जाएगा। इस रेल मार्ग के जरिए वहां के उत्पाद भी बांग्लादेश होते हुए भारत एवं अन्य देशों को जल्द भेजे जा सकेंगे। इससे पूर्वोत्तर भारतीय उत्पादनों को भी वैश्विक बाजार से कमाई करने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। बांग्लादेश ने भी इन परियोजनाओं के माध्यम से भारत के साथ अपना व्यापार बढ़ाने की सोच पर काम किया है। इससे बांग्लादेश के उत्पाद भी कम परिवहन लागत पर भारत पहुंचाये जा सकेंगे। यह बता देना आवश्यक है कि खास तौर पर रेडिमेड वस्त्रों के मामले में हाल ही में बांग्लादेश ने पूरे एशिया के सबसे बड़े निर्माता चीन को भी पछाड़ दिया है। अब नौ परिवहन के जरिए बांग्लादेश के उत्पादकों को भी भारत का बड़ा बाजार उपलब्ध होगा।

## फिर से चर्चा में आ गया .. .. ..

को निशाना बनाया जा रहा है वे भारत-विशिष्ट क्लस्टर का हिस्सा हैं। कंपनी ने 2021 में सक्षम किया था और तब से कथित तौर पर ऐसी सूचनाएं लगभग 150 देशों में व्यक्तियों को भेजी गई हैं।

इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) के नीति निदेशक प्रतीक वाघरे ने बताया कि भारतीयों - विशेषकर पत्रकारों, सांसदों और संवैधानिक पदाधिकारियों को भी कथित तौर पर अतीत में पेगासस से निशाना बनाया गया है, यह हमारे लोकतंत्र के लिए गहरी चिंता का विषय है। आईएफएफ के संस्थापक निदेशक अपार गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि इन्हें गलत अलार्म क्यों नहीं कहा जा सकता। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि भारत एक इजरायली फर्म एनएसओ ग्रुप द्वारा पेगासस स्पाइवेयर को तैनात करने का आधार रहा है। अक्टूबर, 2019 में, राज्य के हमलावरों ने कार्यकताओं को निशाना बनाया, और जुलाई, 2021 में उन्होंने सार्वजनिक अधिकारियों और पत्रकारों तक अपनी पहुंच बढ़ा दी। केंद्र सरकार ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में इन गतिविधियों से स्पष्ट रूप से इनकार नहीं किया है। इसके अलावा, एमनेस्टी, सिटीजन लैब की जांच और व्हाट्सएप के नोटिफिकेशन इसके उपयोग की पुष्टि करते हैं। दूसरे, एक्सेस नाउ और सिटीजन लैब ने पिछले महीने मेडुजा के प्रकाशक सहित रूसी पत्रकारों को भेजे गए ऐप्पल के खतरे के नोटिफिकेशन की वैधता की पुष्टि की है। ये पुष्टियाँ ऐसी सूचनाओं को उच्च विश्वसनीयता प्रदान करती हैं। फाइनेंशियल टाइम्स ने मार्च में खुलासा किया था कि भारत लगभग 16 मिलियन डॉलर से शुरू होने वाले नए स्पाइवेयर अनुबंधों की तलाश कर रहा है और अगले कुछ वर्षों में संभावित रूप से 120 मिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है। इन अनुबंधों में इंटेलेक्सा एलायंस जैसी कंपनियां शामिल हैं, जिसे हाल ही में द प्रीडेटर फाइल्स नामक एक रिपोर्ट में दिखाया गया है।

## आदिवासी इलाके में कांग्रेस .. .. ..

परिवार से 40 वर्षों में न तो कोई मंत्री, मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री बना। श्री खड़गे ने कहा कि वह गरीब परिवार से यहां पहुंचे है उनके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरीब किसान परिवार से है लेकिन हम इसके नाम पर वोट नही मांगते,अपना काम लोगो से बताते है और उनसे समर्थन मांगते है लेकिन लोगो की सहानुभूति पाने के लिए मोदी हवा हवाई बाते करते है कि गरीब के बेटे को उस पद पर लोग देख नही पा रहे है। फिर कहते हैं कि गाली दी जा रही है। भला उन्हे कोई क्यों गाली देगा। इन जैसी बातों की बजाय उन्हे बताना चाहिए देश के हित में उनकी सरकार ने क्या किया,महिलाओं ,बच्चों ,किसानों मजदूरो के लिए क्या किया। उन्होने कहा कि मोदी लगातार झूठ बोलते है,चुनावों में झूठे वादे करते है। उन्होने भीड़ से मोदी के विभिन्न चुनावी वादों का उल्लेख करते हुए लोगो से पूछा कि क्या उन्हे उसका लाभ मिला। उन्होने कहा कि मोदी साढ़े 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री है,क्या गुजरात से गरीबी खत्म हो गई। उन्होने लोगो से कहा कि जाकर देखिए हकीकत क्या है। झूठ बोलना उनकी फितरत में है।

विवाद

### चार सालों में मुख्यमंत्री के द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा

# हेमंत सोरेन सरकार से एनसीपी ने लिया समर्थन वापस, विधायक कमलेश सिंह राज्यपाल को जल्द सौंपेंगे पत्र

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**हुसैनाबाद को जिला का दर्जा नहीं देने से नाराज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इसकी घोषणा हुसैनाबाद विधायक और एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने औपचारिक रूप से कर दी है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी जल्द इस बाबत जानकारी दी जाएगी।कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में यूपीए सरकार बनने के बाद से एनसीपी द्वारा लगातार समर्थन दिया जाता रहा है मगर




बीते इन चार सालों में मुख्यमंत्री के द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा और अंत में हमें इस सरकार से समर्थन वापस लेने का निर्णय लेना पड़ा। जल्द ही राज्यपाल को समर्थन वापसी के संबंध में पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से लगातार हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने, बालू घाटों की बंदोबस्ती करने जैसे मुद्दे पर मांग की जा रही थी मगर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला एक भी समस्या का समाधान जानबूझकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नहीं किया।वर्तमान समय में झारखंड में एनसीपी का एकमात्र विधायक कमलेश कुमार सिंह है। सरकार से समर्थन वापस लेने से हालांकि कोई खास प्रभाव हेमंत सरकार की सेहत पर नहीं पड़ेगी मगर चुनाव से पहले यूपीए से अलग होकर एनसीपी ने यह मैसेज देने का जरूर काम किया है कि जनता के मुद्दों पर वो सरकार से अलग भी हो सकती है।एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह कहते हैं कि डर इस बात की है कि 2024 के चुनाव में मुख्यमंत्री राज्य की जनता को क्या जवाब देंगे। वर्तमान समय में पलामू में एकमात्र एनसीपी का विधायक हेमंत सरकार के साथ था। बांकी कोई भी विधायक यूपीए में नहीं है। ऐसे में उसे भी अपनी करनी की वजह से मुख्यमंत्री ने गंवा दिया है। बीते वर्षों में कोरोना का समय छोड़कर के जो भी समय बिता है उसमें यह सरकार ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे जनता के बीच वो बेहिचक पहुंच सके। ऐसे में डर इस बात की है कि आखिर जनता से जो वादा किया गया था वह पूरा करने में सफल नहीं रही।

शहर >> अपडेट

## चार प्रभावितों को मुआवजा की स्वीकृति

**रांची:** रांची में प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से हुई मकान क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अंचल क्षेत्र ईटकी एवं नामकुम से कुल 04 प्रभावितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। अंचल अधिकारी, ईटकी के प्रतिवेदनानुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से प्रभावित आवेदक मदीना खातून एवं अन्य सभी ईटकी, रांची के कच्चा मकान की आंशिक क्षति का आकलन कर 3200/- रुपए की दर से क्षतिपूर्ति की कुल राशि 3200 की दर से 3=9600/-(नौ हजार छः सौ रुपए) कुल 9600/- (नौ हजार छः सौ रुपए) अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। अंचल अधिकारी, नामकुम के प्रतिवेदनानुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से प्रभावित आवेदिका देवी, पति- बहुराण नायक, ग्राम अमुरुगुटु, तेतरी नामकुम, रांची के कच्चा मकान की आंशिक क्षति का आकलन कर कुल 3200/- रुपए की दर से क्षतिपूर्ति अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है।

सुरक्षा

### कागजों में सीमित हैं सुरक्षा के इंतजाम

# कब बंद होगा रिम्स से कैदियों की फरारी का सिलसिला

- अक्सर रिम्स से कैदियों के भागने की खबरें सुर्खियों में रहती हैं
- रांची का रिम्स अस्पताल चर्चा का विषय बना हुआ है
- लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया जाता है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रिम्स कैदियों के फरार होने को लेकर बेहद बदनाम हो चला है। अक्सर तमाम सुरक्षा इंतजामों को ध्वस्त करते हुए कैदी फरार हो जाते हैं। बाद में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर मामले की लीपापोती कर पुलिस फिर से किसी कैदी के फरार होने का इंतजार करने लगती है। डेढ़ महीने के भीतर दो कैदियों के फरार होने को लेकर एक बार फिर से रांची का रिम्स अस्पताल चर्चा का विषय बना हुआ है।सबसे हैरत की बात तो यह है कि अधिकांश मामलों में रिम्स से भागे कैदी हथकड़ी के साथ ही फरार होते हैं। हथकड़ी के साथ कैदी बड़े आराम से 150 होमगाड्र्स और दर्जनों पुलिसवालों को चकमा देकर फरार होते हैं।

जब कैदी दोबारा पकड़े जाते हैं या आत्मसमर्पण करते हैं तब यह भी जानकारी मिलती है कि उनके हथकड़ी को किसने काटा या किसने खोला। रांची के रिम्स अस्पताल की सुरक्षा के लिए 150 की संख्या में होमगार्ड के जवान के साथ-साथ रिम्स सुरक्षा प्रभारी के रूप में एक सब इंस्पेक्टर और दर्जनों पुलिसकर्मी तैनात हैं। यहां तक कि जब कोई कैदी बाहर से इलाज के लिए आता है तो उसके साथ भी अतिरिक्त पुलिस बल को भेजा जाता है ताकि उस पर नजर रखी जा सके। लेकिन इन तमाम सतर्कता के बावजूद रिम्स से जब चाहे तब कैदी फरार हो जाते हैं। अक्सर रिम्स से कैदियों के भागने की खबरें सुर्खियों में रहती हैं। इस साल तो मात्र डेढ़ महीने के भीतर ही दो कैदी रिम्स की सुरक्षा घेरे को तोड़ फरार होने में कामयाब हो गए। हर बार डीएसपी स्तर के अधिकारी से मामले की जांच करवाई जाती है और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया जाता है। लेकिन अब तक कोई ऐसी ठोस नीति और कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कि कैदियों के फरार होने पर ब्रेक लगाया जा सके।

## बूढ़ा पहाड़ कैप्चर करने वाली टीम को स्पेशल ऑपरेशन मेडल से किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ बूढ़ा पहाड़ में ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर पहाड़ को नक्सल मुक्त करवाने वाले झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री के स्पेशल ऑपरेशन मेडल से नवाजा गया है। झारखंड पुलिस के 16 पदाधिकारी-कर्मियों के साथ-साथ सीआरपीएफ के 51 पदाधिकारियों को मेडल से सम्मानित किया गया है।झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर उनके कब्जे से 32 सालों बाद बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराने वाली पुलिस और सीआरपीएफ की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री का स्पेशल ऑपरेशन मेडल दिया गया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय गौरव दिवस के मौके पर मेडलों का ऐलान किया। झारखंड पुलिस के 16 पदाधिकारी और कर्मियों के साथ-साथ सीआरपीएफ के 51 पदाधिकारियों को इस मेडल से सम्मानित किया गया है।वर्तमान में मणिपुर के डीजीपी और तत्कालीन सीआरपीएफ आईजी राजीव सिंह और सीआरपीएफ मध्य जोन के एडीजी अमित कुमार को भी मेडल से सम्मानित किया गया है।

## ब्रेन की गंभीर बीमारी से ग्रसित 38 वर्षीय महिला को पारस एचईसी अस्पताल में मिली नयी जिंदगी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**अनजान बीमारी से ग्रसित महिला को पारस अस्पताल मे नयी जिंदगी मिली। 38 वर्षीय महिला मरीज पिछले लगभग 15 दिनों से चलने और चेहरे के एक तरफ के हिस्से में कोई संवेदना महसूस नहीं कर पा रही थी। पहले भी मरीज के ब्रेन का एमआरआई किया गया था जिसमें ब्रेन ट्यूबरकुलोसिस बताया गया था। जिसके बाद परिजनों ने महिला को पारस अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया। पारस अस्पताल के ओपीडी में रोगी को डॉ संजीव कुमार शर्मा (सलाहकार न्यूरोलॉजी, पारस एचईसी अस्पताल) ने देखा। मरीज की टफ्क्र रिपोर्ट की जांच करने के बाद उन्होंने पाया कि मरीज को ह्लमाइलिन ऑलिगोडेंड्रोसाइट ग्लाइकोप्रोटीन एंटीबॉडी रोग (जुक्सट्रैको में डिमाइलिनेटिंग घाव) है। रिटिकल, थैलेमस, बेसल गैन्ग्लिया, आंतरिक कैप्सूल और मध्य अनुमस्तिष्क पेडुंकल में गांठदार घाव)।डॉ संजीव कुमार शर्मा बताते हैं कि यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के ऑलिगोडेंड्रोसाइट के खिलाफ एंटीबॉडीज बन जाती है और यदि रोगी के पास ऑप्टिकस्पाइनल इन्वॉल्वमेंट नहीं है तो इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है।डॉ संजीव कुमार शर्मा ने मरीज को मात्र 6 दिन के इलाज में ठीक कर दिया। मरीज को कुछ चिकित्सीय सलाह के साथ पारस एचईसी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकें।

## न्यूज फटाफट

### हो भाषा पर नियुक्ति का रिजल्ट अब तक नहीं हुआ जारी

**रांची:** असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति (हो भाषा) प्रक्रिया का रिजल्ट नहीं जारी किये जाने के खिलाफ एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। दरअसल पिछले वर्ष झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जेपीएससी को यह आदेश दिया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए हुए इंटरव्यू का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी किया जाए। लेकिन इस आदेश के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी जेपीएससी का अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया है। जिसके बाद सरस्वती गगराई ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया गया था। लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया खत्म होने और हाईकोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने का आदेश पारित किये जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। प्रार्थी सरस्वती गगराई की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश रसिक अपना पक्ष रखेंगे।

### एटसेक झारखंड चैप्टर द्वारा मानव तस्करी से बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित

**रांची :**एटसेक झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित मानव तस्करी से बचाव विषय पर एसडीसी सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे पूरे झारखंड से लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत करण (पूर्व आईपीएस) ने कहा कि आज झारखंड में महिलाओं एवं बच्चों को पॉर्न फिल्मों में जबरदस्ती धकेला जा रहा है। मानव तस्करी का यह उद्गम राज्य है। मानव तस्करी से झारखंड के बच्चों और महिलाओं को उनके इच्छा के विरुद्ध महानगरों में ले जाकर भिक्षाटन, वेश्यावृत्ति एवं नशीली पदार्थ की तस्करी उनके इच्छा के विरुद्ध कराया जाता है। आज तक सभी गैर सरकारी संगठन और सरकार ने मिलकर के इसके विरुद्ध कार्य तो कर रहे हैं। मगर हम अभी भी वैसे महिलाओं और बच्चों को बचाने में असमर्थ हैं, जो विशेषकर सुदूर इलाकों में बसते हैं। उन्हें समाज के इस घृणित काम की पहचान नहीं है। इस संगठित अपराध के लोग महानगरों और सुखसुविधाओं के हसीन सपने दिखाकर ले जाते हैं। वहां पर पीड़िता को मामूली मूल्य पर बेच दिया जाता है। आज भी हमारे समाज में इस प्रकार की कुरीतियों उत्पन्न हो रही हैं। उनके पुनर्वास पर भी मिलकर, जमकर कार्य करना आवश्यक है। चंद्रशेखर मिश्र ने कहा कि तस्कर हमारे आसपास के बीच के ही लोग होते हैं। ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि पीड़िता जो होती है उसका करीबी लोग ही उसे महानगरों में जाकर के बेच देते हैं। हम लोग तो प्रयास कर ही रहे हैं और आप सभी लोगों से आग्रह है कि आप अपने स्तर से गांव-गांव में जागरूकता फैलाएं। इस सब बातों को लोगों तक पहुंचाएं। जिससे कि लोग जागरुक हो और दलालों के चंगुल से बच सके।

### मसीही विश्वासी आज मना रहे है मसीही संतों की स्मृति में पव

**रांची:** मसीही विश्वासी आज एक नवंबर को सर्व संतों का पर्व मना रहे है। यह पर्व उन सभी मसीही संतों की स्मृति में मनाया जाता है जो अब इस दुनिया में नहीं है। सीएनआई, छोटानागपुर डायसिस के विश्वासी आज कब्रिस्तान में सभी संतों के लिए प्रार्थना (जागरण विधि) में हिस्सा लिया। प्रार्थना का संचालन रेव्ह सामुएल भुईयां ने किया।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार

66 पशुचिकित्सकों का नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड
श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड
श्री बादल
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

दिनांक :- 02 नवम्बर 2023 (गुरुवार), समय:- अपराह्न 1:00 बजे
स्थान :- नया सभागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 310402 (IPRD) 23-24

## शहर >> अपडेट

### 12 पड़हा जतरा का आयोजन

**बेड़ो :** प्रखंड के रोगाडीह पतरा टोली गांव बुधवार को 12 पड़हा जतरा के आयोजन किया गया। मौके पर न्यु स्टार रोगाडीह द्वारा हॉकी व फुटबॉल बालक तथा बालिका वर्ग का फाइनल मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन पंचायत के मुखिया विरेन्द्र भगत द्वारा बॉल को किक मारकर किया। हॉकी फाइनल में मठ तुरियम्बा भरनो के टीम व फुटबॉल बालक वर्ग में मोहन ब्रदर्स बंडामुडा वही बालिका वर्ग में सरसा लापुंग की टीम विजयी बनी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आगामी 17वीं सब जूनियर झारखंड राज्य खो-खो प्रतियोगिता को लेकर तैयारी बैठक

**बोकारो :** बोकारो जिला खो-खो संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को संघ के उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में आहूत की गई। उक्त बैठक में विशेष कर आगामी 17वीं सब जूनियर झारखंड राज्य खो-खो (बालक/बालिका) प्रतियोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक विचार किया गया। संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर की अध्यक्षता में उक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त प्रतियोगिता 15 से 17 नवंबर तक एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 एफ के प्रांगण में होगी। इस दौरान संघ के सभी पदाधिकारी के द्वारा प्रतियोगिता के सफलता के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया। संघ के संयुक्त सचिव सुनित कुमार मल्लिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड राज्य से लगभग 700 से 800 खिलाड़ी एवं ऑफिशल्स भाग लेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 में की गई है। उनके भोजन की व्यवस्था एवं खिलाड़ियों को खेलने के लिए मैदान उपलब्ध कराने के लिए तैयारी चल रही। यह प्रतियोगिता बोकारो जिला खो-खो संघ के लिए गौरव की बात है और इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन हो उसके लिए सभी तरह की तैयारी पर जोर दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बनासो मंदिर में होगा भव्य मार्डन शौचालय का निर्माण: गिरजा देवी

**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल का प्रसिद्ध मंदिर बनासो मंदिर जो जारंगडीह के कोनार नदी तट पर स्थित है। आम तौर पर यहां दर्शन, पूजा प्रार्थना और शादी विवाह के लिए आय दिन लोगो का तांता लगा रहता है। मगर विडम्बना देखिए जिस धार्मिक स्थल की इतनी मान्यता हो और जहां प्रति हजारों हजार लोगो की भीड़ जमा होती हो वहां एक भी शौचालय का नही होना क्षेत्र के वरीय जन प्रतिनिधियों की सोच पर प्रश्न चिन्ह खड़ी करता है। उपरोक्त बाते बुधवार को बेरमो प्रखंड प्रमुख सह भाजपा महिला जिला अध्यक्ष गिरजा देवी ने बनासो मंदिर अपने दौरे के दौरान कही। बताता चलू कि बुधवार को बेरमो प्रमुख श्री मति देवी एकाएक बनासो मंदिर पहुंची।

**एकता दिवस**

## सीसीबी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर किया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

# सरदार पटेल की वजह से पूरा देश खड़ा है: संजय

- निबंध प्रतियोगिता व चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत
- विश्वकर्मा योजना का होगा शुभारंभ
- कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं
- एकता दौड़ का आयोजन




राष्ट्रीय खबर

**नगड़ी :** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रादेशिक कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को नगडी प्रखंड में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस, मेरी माटी मेरा देश , प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हर घर जल हर घर नल, स्वच्छता आदि विषयों पर आयोजित कार्यक्रम का दूसरा दिन भी जारी रहा। सांसद, केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख व अन्य आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूवात किया। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा शॉल व मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत गान गीत एवं नाटक प्रभाग के पंजिकृत कलाकारों द्वारा गया गया। सांसद संजय सेठ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की भारत सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठाएं। यहां चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार के विभिन्न योजनाओं, सरदार पटेल की कुछ टिप्पणियां, झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों आदि को प्रदर्शित किया गया है, साथ ही साथ भारत सरकार के कई प्रकार के सूचनाप्रद, शिक्षाप्रद स्टॉल भी लगाया गया है, इसका भी लाभ उठायें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के कारण ही पूरा देश एक साथ खडा है, वर्षों से हमलोग इनकी जयंती मनाते आ रहे हैं। एकता दौड़ का भी आयोजन किया जा रहा है। शहीदों को याद करते हुए मेरी माटी मेरा देश के तहत बनाए जा रहे अमृत वाटिका का भी जिक्र किया। आगे यह भी कहा कि सभी कारीगरों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया गया है, इसका पूरा पूरा लाभ लें, साथ ही साथ आयोजक केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची को निर्देश दिया कि सुदूर क्षेत्रों में भी इस तरह के प्रदर्शनी की आवश्कता है, वहां भी प्रदर्शनी अवश्य लगाने की बात कही।

## जिप उपाध्यक्ष ने योजनाओं की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल डैम आईबी परिसर में बुधवार को चांडिल अनुमंडल के जिला परिषदो का एक बैठक जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चांडिल अनुमंडल के जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, समाजसेवी, समाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। बैठक में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में संचालित योजनाओ का क्रियान्वयन के तौरतरिका गुणवत्ता संबंधी समीक्षात्मक विश्लेषण कर सुधार करने, झारखंड पंचायत (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार )2022 के आलोक में झारखंड गजट पंचायत राज विभाग अधिसूचना जीएसआर 1784 दिनांक 26 जुलाई 2022-23 का अनुपालन करने व जिला परिषदों का जिला अनुमंडल स्तरीय प्राकृतिक सम्पदा प्रबंधन निगरानी सह दिशा निर्देशन समिति का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा कि चांडिल अनुमंडल के जिला परिषद सदस्य व प्रखंड प्रमुख, समाजसेवी व सामाजिक कार्यकताओं का एक बैठक किया गया। बैठक में तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित किया गया। उन्होंने कहा बैठक में पारित प्रस्तावो का प्रतिलिपि जिले के उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी को सौपा जाएगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य ज्योतिलाल माझी, सविता मार्डी, ईचागढ़ के प्रमुख गुरुपोदो मार्डी, समाजसेवी सुनील महतो, सामाजिक कार्यकर्ता करमु चंद्र मार्डी, गंगाधर महतो, रामनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## ज्यादा से ज्यादा किसान जेआरएफआरवाई में कराएं पंजीकरण: उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** समाहरणालय परिसर से बुधवार को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना झारखंड राज्य फसल राहत योजना (जेआरएफआरवाई) के संबंध में किसानों एवं आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। रथ को उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि सार्वजनिक धन और किसानों के कल्याण दोनों को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा जेआरएफआरवाई के नाम से एक नई योजना शुरू की है। यह योजना मुख्य रूप से किसी भी प्राकृतिक आपदा और प्राकृतिक दुर्घटनाओं के कारण फसल क्षति की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। उपायुक्त ने बताया कि जेआरएफआरवाई फसल बीमा योजना न होकर फसल क्षति होने पर किसानों को प्रदान की जानेवाली एक क्षतिपूर्ति योजना है। यह किसानों को प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति के मामले में सुरक्षा कवच प्रदान करने तथा एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करने के संकल्प को पूरा करता है। यह योजना भू:स्वामी तथा भूमिहीन किसान दोनों को आच्छादित करता है। किसानों को इस योजना के तहत किसी भी प्रकार के फसल बीमा प्रीमियम भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उन्हें सीधे तौर पर सरकार द्वारा फसल क्षति की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना से जिले के शत प्रतिशत किसान लाभांवित हो, जागरूकता के लिए चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के लिए अलग-अलग एक-एक जागरूकता रथ को रवाना किया।

## केएम मेमोरियल हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच से मान्यता



राष्ट्रीय खबर

**चास :** बोकारो के प्रतिष्ठित केएम मेमोरियल अस्पताल राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएच से मान्यता प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। बोर्ड ने अस्पताल की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देखते हुए सभी विभागों को इसकी मान्यता दे दी है, जो कि पूरे जिले के लिए विशेष उपलब्धि मानी जायेगी। इस मान्यता का लाभ डीभीसी, सीसीएल, कोल इंडिया, ईएसआईसी, रेलवे तथा अन्यों मरीजों को उच्चस्तरीय सेवाओं के रूप में प्रदत्त की जाएगी। एनएबीएच द्वारा प्रत्यायन किसी भी अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण मान्यता है, जो कि उच्च गुणवत्ता वाले रोगी देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता का एक विशेष प्रमाण है। एनएबीएच प्रत्यायन स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त है। यह सम्मान मिलना किसी भी अस्पताल के लिए बड़े सम्मान की बात मानी जाती है। एनएबीएच की मान्यता प्रक्रिया कठोर और व्यापक है। यह रोगी देखभाल, सुरक्षा और संगठनात्मकता, दक्षता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अस्पताल के प्रदर्शन का आकलन करता है। केएम मेमोरियल अस्पताल, बोकारो ने इन सभी मापदंडों में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करके यह मान्यता अर्जित की है। केएम मेमोरियल अस्पताल ने एनएबीएच मान्यता प्राप्त कर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह प्रख्यात समाजसेवी डॉ विकास कुमार पांडे ने इस उपलब्धि को पूरे असपताल कर्मियों के द्वारा समर्पित भाव से दी जा रही सेवाओं का प्रतिफल बताया और हर उस व्यक्ति का उन्होंने सहृदय धन्यवाद व्यक्त किया।

## चेन छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** बीएस सिटी पुलिस ने चेन छिनतई के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की गई 6 ग्राम सोने की चेन के साथ एक काले रंग की बजाज पल्सर बाइक पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि 19 सितंबर को सेक्टर 3 ए के मकान संख्या 767 निवासी संतोष कुमार बरनवाल की पत्नी से आरोपी ने सोने के चैन छीन लिया था, इसके बाद पुलिस उसके गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के मोहनडीह गांव निवासी शहादत अंसारी है, इसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल पांच मामले दर्ज है। जबकि 7- 8 मामलों मे आरोपी ने संलिप्तता स्वीकार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

आरोपी ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया था, जब प्रीति कुमारी खटाल से दूध लेकर वापस लौट रही थी। तभी बीएसएस स्कूल के गेट के सामने बाइक पर सवार दो अपराधियों ने प्रीति कुमारी के गले से सोने का चेन छीन लिया तथा तेज रफ्तार से भागने में कामयाब हुआ। इसके बाद पुलिस मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान कार्य शुरू किया था।

### युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

**झुमरीतिलैया :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा बस्ती निवासी अरुण गोप पिता विजय गोप की पत्नी संजना उर्फ पूजा ने बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। ससुराल वालों को जब मामले की जानकारी हुई तो वे उसे तत्काल इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में ले गए।

## न्यूज फटाफट

### 26 कैदियों के रिहाई के लिए अनुशंसा



**बोकारो :** न्याय सदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान, जो 18 सितंबर से 20 नवंबर तक चल रहा है, कि चौथी बैठक प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो, राजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कमेटी के सदस्य उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रियदर्शी आलोक, सचिव नीभा रंजना लकड़ा, मंडल कारा बोकारो और अनुमंडल कारा तेनुघाट के प्रभारी अधीक्षक एवं प्रभारी लोक अभियोजक उपस्थित थे। इसमें ऐसे विचाराधीन बंदी, जो सुलहनीय वादों में है, साथ ही वैसे कैदी जिनकी जमानत हो गई है पर किसी कारण से जेल से बाहर नहीं आ पाए हैं, इस तरह के 42 कैदियों को चिन्हित कर उनके संबंध में झालसा द्वारा दिए गए 13 बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं 26 कैदियों के रिहाई के लिए अनुशंसा किया गया। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव निभा रंजन लकड़ा ने दी।

### बाउरी संघर्ष मोर्चा ने मनाया लीलू, हीरु, पटल बाउरी का शहादत दिवस



**चास :** चास के जोधाडीह मोड़ में बाउरी संघर्ष मोर्चा के द्वारा लीलू, हीरु, पटल बाउरी का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर बाउरी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर मुख्य रूप से मोर्चा के सुभाष बाउरी, बुधु बाउरी, कन्हाई बाउरी, भरत बाउरी, धनु बाउरी, दीपक बाउरी, समर बाउरी, प्रफुल्ल बाउरी, धनंजय बाउरी, सावित्री देवी, समर बाउरी, समीर बाउरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मतदान केंद्रों के भवन का डीईओ सह डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण



**बोकारो :** डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक ने 36 बोकारो विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 416 से 440 मतदान केंद्रों के विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया। मौके पर ईआरओ बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एईआरओ सह बीडीओ चास मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे। मौके पर डीसी-एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन में उपलब्ध कमरों, पेयजल-शौचालय, रैंप आदि का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित एईआरओ सह एनडीसी कुमार कनिष्क से मतदान केंद्र संख्या 416 से 440 के मतदान केंद्र भवनों की जानकारी ली और जरूरी दिशानिर्देश संबंधित भवन के कार्यालय अध्यक्ष व एईआरओ सह एनडीसी को दिया।

### अक्टूबर माह में एचआरसीएफ विभाग ने स्थापित किया डिस्पैच का नया रिकॉर्ड



**बोकारो :** स्टील प्लांट के एचआरसीएफ विभाग ने अक्टूबर 2023 में 221814 टन प्राइम एचआर कॉइल्स के डिस्पैच का नया रिकॉर्ड हासिल किया है। प्राइम एच आर कॉइल्स के डिस्पैच का पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड मार्च 2007 के महीने में 219147 टन एचआर कॉइल्स का था। रेल और सड़क मार्ग के माध्यम से एचआर कॉइल्स के प्रेषण का यह उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रदर्शन एचआरसीएफ विभाग के लोडिंग टीम के द्वारा डिस्पैच सर्किट के साथ जुड़े हुए अन्य विभाग जैसे कि पीपीसी, ट्रैफिक, सीएमओ और हॉट स्ट्रिप मिल के साथ करीबी समन्वय से संभव हुआ है। एचआरसीएफ विभाग के द्वारा अक्टूबर 2023 माह में सड़क मार्ग से 5650 टन एचआर कॉइल्स का सर्वकालिक रिकॉर्ड डिस्पैच पीपीसी विभाग के सराहनीय सहयोग से किया गया है।

**आयोजन**

## 100 डेज आउटरिच कैंपेग्न 'अकेले नहीं हैं आप' के तहत

# डालसा का नामकूम में जागरूकता कार्यक्रम

- पीएलवी ने दी पीड़ित मुआवजा की जानकारी
- नौ दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर की गयी फोकस



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में आज 01.11.2023 को नामकूम प्रखंड के राजकीय विद्यालय, सिलवे में ह्यविधिक सेवा आपके द्वारह्व कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, प्रखण्ड के मुखिया, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पीएलवी लता कुमारी, तारा मिंज, युधिष्ठिर महतो, जसिंता टोप्पो, फुलेश्वरी देवी, मुन्नी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। डालसा, रांची के प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। डालसा के पीएलवी लता कुमारी व तारा मिंज के द्वारा उपस्थित लोगों को प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गयी। तारा मिंज व युधिष्ठिर महतो ने आगामी 09 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए फोकस किया जा रहा है। डालसा सचिव ने प्रखंड व पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश सभी कार्यरत पीएलवी को दिये है। अंत में डालसा के पीएलवी ने राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। पीएलवी ने आगामी 09 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दी। जगरूकता कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित लोगों को कानूनी संबंधी पुस्तिका व पम्पलेट, लीफलेट लोगों के बीच बांटे गये एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया गया।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं. 28 / 2023-24**

| Sl. No. | Name of Item | Quantity | Sl. No. | Name of Item | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Street Light (50 Watt) | 01 Pcs. | 16. | Gangbox | 01 Pcs. |
| 2. | LED Flood Light (150 Watt) | 01 Pcs. | 17. | MCB (10 Ampere) | 01 Pcs. |
| 3. | Street Light arm | 01 Pcs. | 18. | MCB (32 Ampere) | 01 Pcs. |
| 4. | RCC Pole Clamp | 01 Pcs. | 19 | PVC Tap | 01 Pcs. |
| 5. | Nut Bolt | 01 Pcs. | 20. | TPN MCB (32 Amp) | 01 Pcs. |
| 6. | LED Driver | 01 Pcs. | 21. | Contractor (32 Amp.) | 01 Pcs. |
| 7. | LED Bulb (15 Watt) | 01 Pcs. | 22. | Timmer | 01 Pcs. |
| 8. | LED tube light (18 Watt) | 01 Pcs. | 23. | Ceiling Fan (1200 mm) | 01 Pcs. |
| 9. | Angle Holder | 01 Pcs. | 24. | Rope Light | 01 Mtr. |
| 10. | 1-Core Copper wire (1.5 sq.mm) | 01 Mtr. | 25. | Rope Light Connector | 01 Pcs. |
| 11. | 1-Core Copper wire (4 sq.mm) | 01 Mtr. | 26. | Helmet | 01 Pcs. |
| 12. | 2-Core Aluminum wire (2 sq.mm) | 01 Mtr. | 27. | Hand Glover (Electrical work) | 01 Pcs. |
| 13. | 2-Core Aluminum wire (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 28. | Plas tool with screw driver & Tester | 01 Pcs. |
| 14. | 4-Core Armoured Cable (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 29. | 3-Phase Rotatory Charger (100 Amp) | 01 Pcs. |
| 15. | Switch (6 Amp) | 01 Pcs. | 30. | Boot shoes (Electrical work) | 01 Pcs. |

1. कोटेशन प्रपत्र का मूल्य :- 1000 रूपये (Non-Refundable)
2. सुरक्षित जमा राशि :- 25,000 रूपये (Refundable)
3. कोटेशन बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :-नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 08.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
4. कोटेशन प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय:-कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग
दिनांक 10.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
5. कोटेशन खोलने का स्थान तिथि एवं समय:-कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग
दिनांक 10.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न से अंतिम कोटेशन खुलने तक
6. विज्ञापनदाता का पदनाम :-प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :- निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

PR.NO.310383 Urban Development and Housing(23-24):D प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

## शहर >> अपडेट

### मुखिया पार्वती ने की सड़क निर्माण का शिलान्यास

**बेरमो/ललपनिया :** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने लगभग सात लाख 25 हजार रु. की लागत से 2 योजनाओं का शिलान्यास अपने निधि 15वें वित्त आयोग से किया। मुखिया पार्वती देवी ने सर्वप्रथम बगियाटोला ग्राम स्थित कारू रविदास के सामने पीसीसी पथ सेलेकर बासु यादव के जमीन तक चार लाख 76हजार रुपये की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास नारियल फोड़कर की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**बेरमो /कथारा :** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की फोटो पर महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष (कार्मिक) जयंत कुमार, उप प्रबंधक (सी एस आर) चन्दन कुमार समेत तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल को नमन किया। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने विभिन्न रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई। भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस का आयोजन

**बेरमो :**बुधवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र मे कोल इंडिया का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष (कार्मिक) जयंत कुमार, उप प्रबंधक (सी एस आर) चन्दन कुमार क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य इकबाल अहमद, अनूप स्वाइं, इंमोसा से हेमंत कुमार, कार्यक्रम का संचालन कर रहे सूर्य प्रताप सिंह समेत तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बाइक सवार पति-पत्नी घायल

**बेरमो :**करगली गेट चलकारी मुख्य मार्ग स्थित पुल के समीप बोलोरो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सीसीएल के करगली क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सा द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चंदनक्यारी के कुसुमा निवासी विनोद रजक अपनी पत्नी मीना देवी के साथ चलकारी रजक टोला स्थित सुनील रजक के घर अपनी बीमा सास से मिलने आ रहे थे। इसी दौरान करगली फिल्टर प्लांट समीप पल पर चलकारी गांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को सामने से ठोकर मार दिया इससे दोनों सड़क पर गिर गए घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया घटना के सूचना मिलने के बाद मुखिया अखिलेश्वर ठाकुर सहित घायल के परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। लोगों के अनुसार बोलेरो चालक नशे में धूत था । ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल के अधीन चलने वाले कुछ गाड़ियों के चालक शराब पीने के लिए चलकारी गांव की तरफ आते हैं।

### बीडीए कॉलेज पिछरी में शासी निकाय की बैठक

**बेरमो :**बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी में बेरमो एसडीओ सैलेश कुमार के निदेर्शानुसार शासी निकाय की बैठक हुई। जिसमे महाविद्यालय के सचिव सह दानदाता बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, शिक्षाविद रविंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो एसएन सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय की समस्याओं पर चर्चा हुई । प्राचार्य प्रो एसएन सिंह ने बताया कि शासी निकाय की बैठक में कई निर्णय लिए गए जिसमे पिछले 45 दिनों से सस्पेंडेड चल रहे साइंस के प्रो विजय कुमार गुप्ता व रवि रंजन की सेवा समाप्त कर दी गई।

---

पेयजल की समस्या

बुधवार को टंकी का शुद्धिकरण का कार्य हुआ

# आधा दर्जन गांव में 12 दिनों से बंद जलापूर्ति अब होगी शुरू

- किया गया शुद्धिकरण का कार्य
- टंकी में आज भरा जाएगा पानी
- 3 नवम्बर से शुरू होगा जलापूर्ति
- हेंसापोड़ा, मुरपा, कोराम्बे आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में बंद है पेयजलापूर्ति



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** रजरप्पा के नजदीक हेंसापोड़ा, कोराम्बे, मुरपा आसपास आधा दर्जन गांव में 12 दिनों से पेयजलापूर्ति बंद है। ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। इन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति ठप रहने का कारण कोई मशीनी खराबी नहीं बल्कि टंकी परिसर क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस बनाकर खाने का है। पेयजलापूर्ति ना हो इसके लिए ग्रामीणों ने पानी टंकी परिसर क्षेत्र में ताला बंदी कर रखी थी।

इस सम्बन्ध में बताया जाता है कि ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि पानी टंकी परिसर क्षेत्र में एक समुदाय के मजदूरों ने अन्यत्र जगह से प्रतिबंधित मांस मंगाकर वहां बनाया और खाया। पश्चात मांस के कुछ अंश को पानी टंकी में डाल दिया और वही पानी क्षेत्र में सप्लाई होती रही। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई, तो ग्रामीण विरोध करते हुए गए और परिसर क्षेत्र में मौजूद मजदूर के साथ मारपीट की। इसकी सूचना किसी ने 100 डायल कर पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, परन्तु तबतक लोग क्षेत्र के प्रमुख द्वार में ताला लगाकर वहां से जा चुके थे। ग्रामीणों ने बताया कि आशंका पर ग्रामीणों ने तत्काल टंकी के पानी को बहा दिया और पानी सप्लाई बंद करा दी। पांच दिनों बाद ग्रामीणों ने पानी सप्लाई के ठेकेदार के साथ बैठक की गई थी। ठेकेदार और कुछ मजदूरों के यह कहने पर की परिसर क्षेत्र में झारखण्ड से बाहर क्षेत्र के कुछ मजदूर काम करते हैं और रहते हैं। सूचना मिली कि कुछ मजदूरों ने क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस बनाकर खाया है, परन्तु मांस का टुकड़ा टंकी में डाले जाने की बात भ्रामक है। वहां से टेलीफोन के माध्यम से पेयजलापूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से भी बात की गई।

ठेकेदार द्वारा मजदूर को हटा दिए जाने के बाद सहमति बनी कि पानी टंकी की सफाई कराई जाएगी। उसके पश्चात शुद्धिकरण का कार्य होगा। तब जाकर क्षेत्र में पानी सप्लाई शुरू कराई जाएगी। बुधवार को टंकी का शुद्धिकरण का कार्य हुआ। टंकी की अच्छी तरह सफाई की गई। अब टंकीं में आज पानी भरा जाएगा। उसके पश्चात 3 नवंबर से फैजलपुर की शुरू कर दी जाएगी।

---

पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन

## काली पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** श्री श्री 108 काली पूजा समिति केदला नगर (झरना बस्ती) की बैठक मंगलवार देर संध्या काली मंदिर केदला के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता दुखू मांझी एवं संचालन अकल उरांव ने किया। इसमें सर्वसम्मति से काली पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पूजा के अवसर पर मेला का भी आयोजन रखा गया है। बैठक में कन्हैया कुमार, अजय चौहान, शत्रुधन प्रसाद, चंदन कुमार सिंह, सोनाराम मांझी, मुकेश कुमार हांसदा, रितेश सिंह, मंतोष सिंह, पप्पू महतो, भोला महतो समेत अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।

---

एपेक्स पब्लिक स्कूल में 148 वीं जयंती पर याद किए सरदार वल्लभ भाई पटेल

## सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : भागीरथ



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :**चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा स्थित एपेक्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक सभा का आयोजन कर भारत को अखंड भारत बनाने में आधुनिक भारत के निमार्ता कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक, निदेशक, उप-निदेशक, प्रभारी प्राचार्या एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से वल्लभ भाई पटेल के तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक भागीरथ कुमार ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल देश के ऐसे महानायकों में से एक थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इनके साहसिक कार्य व दृढ़ व्यक्तित्व के चलते महात्मा गाँधी ने सरदार पटेल को लौह पुरुष की उपाधि दी थी। मौके पर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या श्वेता मिश्रा सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद थे।

---

सीसीएल रजरप्पा में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

## अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त हुए 07 सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर दी गई विदाई



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :**सीसीएल रजरप्पा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप सीसीएल रजरप्पा के-एएफएम संजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर पर्सनल मनोज कुमार मौजूद थे। इस दौरान अक्टूबर माह में रजरप्पा क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए 07 सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा है। जो सभी लोगों के जीवन मे एक बार आता है। इस दौरान उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना किये। कार्यक्रम का संचालन एरिया वेलफेयर ऑफिसर आशीष झा व धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक कार्मिक जयश्री चटर्जी ने किया। मौके पर सहायक प्रबंधक (पर्सनल) सिम्मी सुप्रिया टोप्पो, विकाश कुमार, विकाश कच्छप, यूनियन प्रतिनिधि आरपी सिंह, रविंद्र वर्मा, अनिल प्रसाद, मो शाहिद, धनेश्वर राम, चरित्र राम, सुखसागर सिंह सहित कई मौजूद थे। इन 07 सीसीएलकर्मी लोगों को दी गई विदाई -रजरप्पा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह में कैटेगरी टू के चरकु राम करमाली, फोरमैन इंचार्ज राजकिशोर सिंह, चालक गजु महतो, पम्प ऑपरेटर राजकुमार पासवान, सीनियर पीए शंभु राणा, इलेक्ट्रिशियन खैटू यादव व केटेगरी फाइव बिनोद बेदिया को भावभीनी विदाई दी गई।

---

## बाइक से गिरकर घायल युवक की हुई मौत, शोक

राष्ट्रीय खबर



**गोला :** रजरप्पा से गोला आने के क्रम में कुसुमडीह के पास बाइक से गिरकर घायल युवक श्रीजीब भद्र (40वर्ष) की मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। श्रीजीब भद्र पश्चिम बंगाल के बांकूड़ा क्षेत्र का रहने वाला था। वह गोला के चौक बाजार में अपने पूरे परिवार के साथ वर्षों से रहते हुए रजरप्पा में शांखा चूड़ी विक्रेता था। बताया जाता है कि मृतक श्रीजीब भद्र अपने भाई के साथ बाइक में सवार होकर 30 अक्टूबर की संध्या में रजरप्पा से गोला आ रहा था। कुसुमडीह के पास सड़क पर एक बैल से बचने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गया और श्रीजीब गिर गया। घायल अवस्था में श्रीजीब को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उचित इलाज के लिए रिम्स-रांची ले जाया गया। रांची में इलाज के पश्चात उसे बांकूड़ा ले जाया गया। बांकूड़ा के अस्पताल में इलाज कराया गया। उसके बाद उसे मंगलवार को कोलकाता ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। युवक की असमय मौत से गोला में उसके परिवार समेत रिश्तेदारों, मित्रों, रजरप्पा के व्यवसाय वर्ग में शोक की लहर है।

---

जर्जर सड़क

वर्षों से सड़क की हालत जर्जर

# सांसद और विधायक के नाम से चिढ़ते हैं ग्रामीण

- लोगों को हर दिन जर्जर सड़क पर चलना पड़ता है
- सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन आवागमन करती है



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** केंद्र एवं राज्य सरकार भले ही ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने की ढिढोंरा पीटती हो किंतु जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। मांडू प्रखंड क्षेत्र के लइयो दक्षिणी पंचायत के आदर्श उच्च विद्यालय लइयो से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया केदला नगर तक ग्रामीण सड़क आज इतनी जर्जर है की पैदल चलना भी लोगों का मुश्किल है। आजसू पार्टी के लइयो दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष रूपलाल महतो ने बताया कि सन 1980 के आसपास सड़क बना था। महज दो - तीन वर्षों के बाद मे ही सड़क की हालत जर्जर अवस्था में पहुंच गया। इसके बाद से सड़क की मरम्मत आज तक नही हुई है। वहीं लइयो उत्तरी, लइयो दक्षिणी, तिलैया, तितीर मरवा, गोसी, केदला नवाडीह उक्त सड़क से प्रभावित है। ये छह गांवों की मुख्य ग्रामीण सड़क करीब दस हजार लोगो की आबादी वाले लोगों को हर दिन भगवान का नाम लेकर चलना पड़ता है।

सड़क मरम्मत कराने को लेकर आजसू पार्टी समेत अन्य पार्टियों ने सीसीएल हजारीबाग प्रक्षेत्र के झारखंड उत्खनन परियोजना प्रबंधन के खिलाफ कई आंदोलन किया। इन आंदोलन के दौरान कई कार्यकताओं को जेल भी जाना पड़ा। सांसद और विधायक को कई बार आवेदन सौंपकर जर्जर सड़क से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद सांसद और विधायक ने कोई दिलचस्पी नहीं ली, जिस कारण गांव वाले सांसद और विधायक के नाम से चिढ़ते हैं। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन आवागमन करती है। स्थिति इतनी भयावह है की कोई भी यातायात के वाहन गांव आना नहीं चाहता है। यदि गांव कोई प्रसव पीड़ित महिला को प्रसव दर्द उठ जाए तो मरने के सिवा कोई चारा नहीं है।

---

### सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा : पुन्नूराम नायक



**रजरप्पा :**प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली गई। इस अवसर पर उनके विराट व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा कि - सरदार वल्लभभाई पटेल महान देश भक्त , नवीन भारत के निमार्ता तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का शक्ति स्तंभ थे। मेरी माटी मेरा देश उनके लिए सर्वोपरी था। उनका संकल्प था कि जब तक मैं भारत को एकता के सूत्र में नहीं बांध देता, तब तक मैं मरने वाला नहीं। उन्होंने 562 छोटी - बड़ी रियासतों का भारतीय संघों में विलय करके भारतीय एकता का निर्माण कर अपने संकल्प को सच साबित कर दिखाया। अत: हमें उनकी राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, मोगीश अहमद, गुड़िया देवी, अलका देवी सहित समस्त बच्चे उपस्थित थे।

### विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया




**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के आदेशों का पालन करते हुए आउटरीच अभियान के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत के हदुआ झरना अनुसूचित जनजाति बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले कानूनी जागरूकता के तहत शिविर में आदिवासी महिलाओं को कानूनी जानकारी में उन्हें छुआछूत विरोधी कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006,अनुसूचित जाति एवं अनुष्ठ जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948,घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005,तेजाब हमले से पीड़ित के लिए मुआवजा योजना, किशोर न्याय और बालकों की देखरेख , दहेज प्रथा, इत्यादि कानून के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया इस शिविर में ग्रामीण ऑन ने अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित समस्याओं से अवगत कराते हुए बताएं कि अभी तक हमारे गांव में पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है साथ ही पानी की समस्या बच्चों के शिक्षा से संबंधित समस्या के बारे में बताऐं।

### एटक का 104 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**गिद्दी :**यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन गिद्दी सी स्थित कार्यालय में एटक का 104वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर गिद्दी सी शाखा सचिव मंगरु महतो द्वारा सबसे पहले झंडोत्तोलन किया गया। शहीद वेदी पर तमाम शहीदों को पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ततपश्चात सचिव मंगरु महतो द्वारा एटक की 104 वर्षों की यात्रा की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस मौके पर तमाम लोगों में मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर विजय कुमार, सन्तु बेदिया, मंगरु महतो, अनिल मांझी, बबलू मांझी, संजीत बेदिया, शेखर राम, सोहराई मांझी, घनश्याम महतो, तुलसी राम,धनुवा मुंडा, कार्तिक मांझी, सिकंदर आदि लोग मौजूद थे।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले महानायक थे:प्रकाश

**बेरमो :**आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को फुसरो नगर परिषद स्थित पटेल चौक पर एकता एवं अखंडता के संकल्प के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक चिंतामणि महतो व संचालन भाजपा फुसरो मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, भाजपा फुसरो नगर नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी, एसी मोरचा के अध्यक्ष चंदन राम, तेली समाज के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, निवर्तमान मंडल महामंत्री दिनेश सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह, शिक्षक घनश्याम महतो आदि ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार सिंह ने लौह पुरुष के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए आदर्शों पर चलने की बात कही। कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले महानायक थे। कहा कि लौह पुरुष को आजाद भारत का महानायक एवं अखंड भारत का शिल्पी कहा जाता है। उन्होंने 565 रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। महामंत्री टुनटुन तिवारी और निवर्तमान महामंत्री दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्र के प्रति लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सरदार पटेल का देश की आजादी में खास योगदान रहा। यहा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। मौके पर सुरेंद्र विश्वकर्मा, सौरभ सिंह,निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश रवि, अशोक सिंह सहित एलबीएस स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित हुए।

### मायापुर के कशियाटांड में हाथी का आतंक,बने प्रधानमंत्री आवास के दरवाजा,खिड़की, दीवार को तोड़ा

**बेरमो /खेतको :**पेटरवार प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत के कशिया टांड में सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे दो हाथियों का कशिया टांड में पहुंच गया और पहले नव प्राथमिक विद्यालय कशिया टांड मैं दरवाजा तोड़कर लगभग डेढ़ टन चावल को और रखें दाल को भी चट गए। उसके बाद बगल के गुजर गंझु के प्रधानमंत्री आवास को भी दीवार,दरवाजा,खिड़की क्षतिग्रस्त कर वहां रखे चावल मकई को भी चट लिया। गनीमत था कि हाथी का आगमन होने की खबर गांव में फैल गया था इसीलिए सब अपने घर छोड़कर एक जगह इकट्ठा होकर एक ही घर में सब जमा थे नहीं तो गुजर गंझु का जान भी जा सकती थी। इसके बावजूद घर के बाहर रखे साइकिल को भी नष्ट कर दिया जिसे लक्ष्मण गंझु,मनोज गंझु,विजय महतो, किशुन गंझु, रंजीत गंझु ,महेश गंझु, बंधू गंझु, दिनेश गंझु ,बालगोबिंद गंझू, कालाचंद गंझु की साइकिल को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया यह सब मजदूर सुबह साइकिल से ही मजदूरी करने अगल-बगल के गांव में मजदूरी करने जाते थे। इस की जानकारी अपने ओर से टेकल गार्ड रामनाथ मांझी ने पेटरवार वन विभाग को दे दिया गया है। संबंध में पेटरवार के वनरक्षक भगवान दास से बात की गई उन्होंने कहा कि हम लोग 4 दिनो से उसको भगाने में लगे हुए हैं लेकिन शाम ढलते ही हाथी का पता नहीं चल पाता है इसलिए हम लोग अभी तक कुछ कर नहीं पा रहे हैं। जिला परिषद अशोक मुर्मू ने कहा कि हम रेंजर से बात कर चुके हैं इन लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। सुबह घटनास्थल के देखने के लिए कर्मचारी दशरथ प्रसाद मांझी ने जायजा लिया ओर जितने भी क्षतिग्रस्त हुए हैं इसकी रिपोर्ट आंचल को देगे, मायापुर पंचायत मुखिया नाम किशोर मांझी, समाजसेवी विजय वस्के , रामेश्वर पांडे, परमेश्वर महतो, मिही लाल मांझी, कुंज बिहारी गंझु, ज्ञानचंद गंझु आदि मौजूद थे।

संपादकीय

# फोन, जासूसी और व्यापारिक एकाधिकार

अभी देश में फिर से पेगासूस अथवा वैसे किसी स्पाईवेयर से लोगों की जासूसी करने की चर्चा जोरों पर है। धीरे धीरे यह आइने की तरह साफ होता जा रहा है कि नरेंद्र मोदी भी अपने वचन पर कायम नहीं रह पाये हैं। न खाऊंगा और ना खाने दूंगा का जो नारा देश को पसंद आया था, उसमें अडाणी समूह अपवाद है, यह प्रधानमंत्री ने नहीं कहा था। अब एप्पल की चेतावनी के बाद इन मुद्दों पर समग्र तरीके से सोचने की जरूरत है। शक्ति, धन और विशेषाधिकारः ये वे गुण हैं जो औद्योगिक राजतंत्र का उदाहरण देते हैं। वे विशाल व्यवसाय चलाते हैं, राजनीतिक संरक्षण का आनंद लेते हैं, मौद्रिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं और प्रतिस्पर्धा में डटकर मुकाबला करते हैं। बड़ा डर यह है कि औद्योगिक एकाधिकार का सहारा लेकर भारत एक बहुत ही खतरनाक रास्ते पर जा रहा है। यह प्रणाली प्रवेश स्तर के प्रतिबंधों और अत्यधिक विनियमन के माध्यम से असमानताओं को कायम रखती है। बंदरगाह क्षेत्र की तुलना में यह कहीं अधिक स्पष्ट नहीं है,



जहां अडाणी समूह ने भारत के समुद्र तट के साथ 14 बंदरगाहों और टर्मिनलों का एक समूह तैयार किया है। भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह ऑपरेटर अब देश के लगभग 25 फीसद शिपिंग कार्गो वॉल्यूम को नियंत्रित करता है। यह उस बिंदु पर पहुंच गया है जहां अडाणी के स्वामित्व वाले मुंद्रा बंदरगाह ने केंद्र के स्वामित्व वाले 12 प्रमुख बंदरगाहों में से किसी की तुलना में अधिक कार्गो को संभाला है। नए बंदरगाहों के निर्माण के लिए अधिग्रहणों और रियायतों के मिश्रण से यह शानदार प्रदर्शन संभव हो सका है। पिछले दशक में, अडाणी समूह ने पूर्वी तट में चार और पश्चिम में एक बंदरगाह का अधिग्रहण किया है; यह केरल के विझिंजम में एक बंदरगाह का निर्माण कर रहा है और इसने पश्चिम बंगाल के ताजपुर में एक गहरे समुद्र के बंदरगाह के निर्माण का जनादेश जीता है। एक ब्रोकरेज रिपोर्ट ने हाल ही में सुझाव दिया था कि पश्चिमी तट के पक्ष में कार्गो-हैंडलिंग क्षमता की विषम प्रकृति को ठीक किया जाएगा जब ये बंदरगाह कार्गो को आकर्षित करना शुरू कर देंगे। 2017-18 में, पश्चिम में कार्गो-हैंडलिंग क्षमता 310 मिलियन मीट्रिक टन थी, जबकि पूर्व में यह मात्र 60 मिलियन टन थी। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक, इसके और अधिक न्यायसंगत होने की संभावना हैः पश्चिम में 355 मिलियन टन बनाम पूर्व में 247 मिलियन टन। हालाँकि, इस अभूतपूर्व विस्तार ने यह डर पैदा कर दिया है कि इस नए कोलोसस के उदय से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रभुत्व का खतरा बढ़ गया है, जिसके उपयोगकर्ताओं के लिए बुरे परिणाम होंगे। आप यह दलील दे सकते हैं कि इससे देश के समुद्री परिवहन की क्षमता में विस्तार हुआ है लेकिन सवाल यह है कि एकाधिकार के इस धंधे में जनता का कितना पैसा लगा है और बार बार सिर्फ जनता को ही क्यों ठगा जा रहा है। इस किस्म का एकाधिकार अन्य क्षेत्रों में भी है। ग्राहकों के लिए विकल्पों की कमी के साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रमुख खिलाड़ी उभर रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में समेकन और निकास की लहर - इसमें एक बार करीब 20 खिलाड़ी हुआ करते थे - ने प्रतिस्पर्धा को दूर कर दिया है, लगभग बदल गया है। यह रिलायंस के जियो और भारती समूह के एयरटेल के बीच घमासान में तब्दील हो गया है और वोडाफोन आइडिया अस्तित्व की अपनी लड़ाई में फंस गया है। जिओ ने कहा है कि उसका अपनी 5 जी सेवाओं के लिए टैरिफ बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है और वह उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा की खपत बढ़ाने के लिए प्रेरित करके वृद्धि पर ध्यान देगा। यह एक ऐसी रणनीति है जिसे रिलायंस समूह ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देने के लिए पहले भी सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है। हालाँकि, प्रतिस्पर्धा का उन्मूलन कई मुद्दों को जन्म देता है, जो प्रतिस्पर्धा के खत्म होने के बाद प्रभुत्व के संभावित दुरुपयोग से उत्पन्न होते हैं। प्रतिस्पर्धा नियामक, जिसने प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के लिए गूगल और एमेजॉन जैसी कंपनियों पर जुमार्ना लगाया है, को भारतीय उद्योग में एकाधिकार स्थापित करने वालों पर भी अंकुश तो होना ही चाहिए। कोयला आयात पर अधिक कीमत की वसूली का दंड देश की जनता भुगत रही है, यह सर्वविदित है पर दूसरे मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने वाले नरेंद्र मोदी, ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर चुप हैं जो संदेह को बढ़ाते हैं। ईडी ने विदेशी धन के मामले में हजारों स्थानों पर छापामारी की है। इसके बाद भी बार बार चर्चा में आने वाली अडाणी की कंपनियों पर ईडी का नजर नहीं जाना ही पक्षपात को स्पष्ट करता है। गनीमत है कि चुनावी वॉड के मुद्दे पर शीर्ष अदालत में बहस चल रही है और यह बात सामने आ रही है कि इस जरिए सबसे अधिक धन भारतीय जनता पार्टी ने ही प्राप्त किया है। यह सब कुछ जनता के देश धोखा नहीं तो और क्या है।

# एनार्कुलम विस्फोट एक चेतावनी है

किसी आतंकवादी घटना की गंभीरता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं होता कि उसमें कितने लोगों की मौत हुई। केरल में एनार्कुलम जिले के कलामसेरी के कन्वेंशन सेंटर यानी सम्मेलन केंद्र में हुआ विस्फोट हर दृष्टि से डराने और चिंतित करने वाली घटना है। निस्संदेह , तीन व्यक्तियों की मृत्यु तथा 51 लोगों का घायल होना सुरक्षा एजेंसियों के लिए थोड़ी राहत का विषय है। हालांकि एक व्यक्ति की भी मृत्यु या घायल होना हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यहोवाज विटनेसेस या यहोवा विटनेस समुदाय के तीन दिनों के कार्यक्रम में 2000 के आसपास लोग उपस्थित थे। तीन विस्फोट का मतलब इसकी पहले से पूरी तैयारी की गई थी। यह भी साफ हो गया है कि विस्फोट ईईडी से ही हुआ। अभी यह कहना मुश्किल है कि कोच्चि निवासी डोमिनिक मार्टिन नामक व्यक्ति द्वारा घटना की जिम्मेवारी लेने का सच क्या है। क्या वह अकेले इस विस्फोट में शामिल था या उसके साथ अन्य लोग थे? जो कुछ वह कह रहा है उतना ही सच है या इसके पीछे कोई व्यापक षड्यंत्र है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी या एनआईए और केरल का आतंकवाद निरोधी दस्ता की छानबीन के बाद इसका पूरा सच सामने आएगा। किंतु केरल सरकार द्वारा बिना सोचे समझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आरोपित करने से ज्यादा गैर जिम्मेदार कुछ नहीं हो सकता। तो केरल के रुख और यहोवाज विटनेसेस के साथ इस समय देश का जैसा वातावरण है और विशेष कर केरल में जैसा तनावपूर्ण माहौल बनाया गया है उनकी गहराई से विवेचना आवश्यक है।



अवधेश कुमार
पत्रकार

यहोवाज विटनेसेस ईसाई धर्म से निकला हुआ एक समूह है। इसका मुख्यालय अमेरिका के न्यूयौर्क के वारविक में है और माना जाता है कि इस समय विश्व भर में इसके पचासी लाख सदस्य हैं। इसे इंटरनेशनल बाइबल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की इकाई माना जाता है जिसकी स्थापना चार्ल्स टेज रसेल ने वर्ष 1872 में पीट्हवर्ग में की थी। यह मुख्य धारा के ईसाई समुदाय कैथोलिक प्रोटेस्टेंट आदि से अलग विचार रखता है। इसके अनुसार होली ट्रिनिटी यानी पवित्र त्रयी गॉड, द फादर; गॉड , द सन;-- यीशू : गाड था होली स्पिरिट में ये विश्वास नहीं करते। ये यहोवा को गॉड ऑफ द बाइबल और सभी चीजों के निमार्ता के रूप में करते हैं। यहोवाज विटनेस के लोग यीशु मसीह को ईश्वर न मानकर उनका पुत्र मानते हैं तथा स्वयं को वास्तविक क्रिश्चियन कहते हैं। यह क्रिसमस और ईस्टर जैसी छुट्टियां भी नहीं मानते। इनके सामाजिक नियम और रीति- रिवाज काफी सख्त हैं जिसमें तलाक लेने और रक्त लेने तक का निषेध है। स्वाभाविक अन्य ईसाई मतावलंबियों के साथ इनका तनाव होता है। जो ईसा मसीह को ईश्वर मानते हैं वो ईश्वर न मानने वालों का विरोध करेंगे। ये लोगों के बीच अपना विचार प्रसार कर उन्हें अपने साथ शामिल करने की कोशिश करते हैं और इससे भी तनाव पैदा होता है। ध्यान रखिए, केरल में लगभग तीन दशक पहले इस समूह के तीन बच्चों पर उनके स्कूल में राष्ट्रगान का अपमान करने पर अनुशासन तो कार्रवाई की थी और यह मामला उच्चतम न्यायालय तक गया था। यह समुदाय अपने विस्तार के लिए ऐसी बातें बोलता है जिससे निस्संदेह भारत विरोध या यहां की सभ्यता संस्कृति सामाजिक व्यवहार आदि की निंदा और उनके अंत करने तक की बातें होती हैं। केरल में चर्च की कुछ गतिविधियां भी समाज को असहज करने वाली रही हैं और उनका विरोध होता रहा है।

मार्टिन ने घटना के बाद छह मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें कह रहा है कि उसने इसलिए किया क्योंकि संगठन की शिक्षाएं देशद्रोही है। इसकी विचारधारा खतरनाक है और इसलिए इसे राज्य में समाप्त करना होगा। उसका कहना है कि उसने कई बार संगठन को अपनी शिक्षा या विचार को सही करने को कहा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उसके अनुसार चूंकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था, इसलिए मैंने यह निर्णय लिया। यहोवाज विटनेस ने उसे अपना पंजीकृत सदस्य मानने से इन्कार किया है। जिस तरह डोमिनिक मार्टिन बयान दे रहा है उससे नहीं लगता कि समूह से उसका संबंध नहीं रहा होगा। निश्चित रूप से इस घटना के बाद डोमिनिक मार्टिन के साथ समूह की ,गतिविधियों, विचारों , संसाधनों आदि की व्यापक छानबीन होगी। किंतु पिछले कुछ समय से केरल में भारत विरोधी हिंसक मजहबी कट्टरपंथ की चिंताजनक गतिविधियां सामने आई हैं। इजरायल और हमास युद्ध के बाद वैसे तो देश का वातावरण ही काफी संतप्त और तनावपूर्ण बनाया जा चुका है लेकिन केरल में लगभग प्रतिदिन कहीं न कहीं कोई छोटी बड़ी रैली या धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। इस विस्फोट के एक ही दिन पूर्व केरल की एक रैली को हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने संबोधित किया था जिसमें उसने कहा था कि बुलडोजर, हिंदुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकना है। तात्कालिक विस्फोट से सीधे इसका संबंध हो या नहीं हो किंतु स्थिति कितनी खतरनाक है कि विदेश में बैठे हिंसक संगठन का पूर्व प्रमुख वर्चुअल भारत की रैली को संबोधित करते हुए हिंसक विद्रोह के लिए उत्तेजित करता है और लोग तालियां बजाते हैं। भाजपा को छोड़कर किसी राजनीतिक पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया।

केरल सरकार को इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए थी। ऐसा न करने से केवल उन तत्वों का ही नहीं हिंसा की मानसिकता पालने वाले सभी का हौसला बढ़ता है। 20 फोटो के बाद केरल सरकार के प्रवक्ता का बयान है कि पूरा केरल फिलिस्तीन के नाम पर एकजुट है और अगर यह विस्फोट उसे तोड़ने के लिए है तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार की यह मानसिकता डरावनी है। केरल में फिलिस्तीन के नाम पर हो रही रैलियों और प्रदर्शनों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा के साथ कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी मोर्चा के नेता भी शामिल हो रहे हैं। हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल के रैली में शामिल होने के बाद भ्रम दूर हो जाना चाहिए। इसके बाद यय कहना ज्यादा आसान हो गया है कि इजरायल विरोध? के नाम पर हमास का समर्थन किया जा रहा है। पार्टियां, संगठन अपने बयानों और गतिविधियों से पूरे देश का माहौल तनावपूर्ण बना रहे हैं। पूर्णिया में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तो महाराष्ट्र में मुंबई से लेकर कई स्थानों पर प्रदर्शनों में उत्तेजक नारे और भाषण हो रहे हैं। इसके परे भी राजनीतिक मतभेद को पार्टियां इस तरह प्रकट करती हैं मानो देश के अंदर युद्ध की स्थिति हो। ऐसे तनावपूर्ण वातावरण में कोई असंतुलित व्यक्ति और समूह हिंसा की सीमा तक जा सकता है। क्या विस्फोटों के बाद इसे फिलिस्तीन एकजुटता को तोड़ने की कोशिश में के रूप में देखने के सरकार के बयान को जिम्मेवार माना जा सकता है? अभी भी केरल सरकार संघ को आरोपित कर और स्वीकार राजनीति कर रही है।अनेक शक्तियों और देश भारत में हिंसा और सांप्रदायिक तनाव पैदा कर इसे तोड़ने का षड्यंत्र करते रहते हैं। इसके प्रमाण भी मिले हैं। हमने अनेक आतंकवादी हमले झेले हैं। फिलिस्तीन हमास युद्ध के बाद की संवेदनशीलता को देखते हुए पार्टियों, नेताओं और संगठनों को अत्यंत ही सोच समझकर संयमित बयान देने की आवश्यकता थी। सुरक्षा अलर्ट को भी पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एनार्कुलम विस्फोट हम सबके लिए एक सबक बनकर आया है।

# कैसे और कब हुई करवा चौथ व्रत की शुरुआत

करवा चौथ का पर्व महिलाओं के लिए काफी ज्यादा महत्व रखता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। बता दें कि इस साल 01 नवंबर 2023 को करवा चौथ का व्रत किया जाएगा। महिलाएं अपने पति की दीघार्यु के लिए य?ह प्राचीनकाल से करती आ रही हैं। इस दिन व्रत कर महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। हांलाकि यह त्योहार क्यों मनाया जाता है और कैसे इस पर्व की शुरूआत हुई। इसके बारे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं। पौराणिक काल से चली आ रही धार्मिक मान्यता के मुताबिक पतिव्रता सती सावित्री के पति सत्यवान को यमराज धरती पर लेने आए। तो सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस मांगे। लेकिन



यमराज ने सावित्री की बात नहीं मानी तो सावित्री भी अन्न-जल का त्याग कर पति के मृत शरीर के पास बैठ गई। सावित्री विलाप करने लगी। जिसके बाद सावित्री का हठ देख यमराज को उस पर दया आ गई। इस पर यमराज ने सावित्री से वरदान मांगने के लिए कहा।इस पर सावित्री ने यमराज से कई बच्चों की मां बनने का वरदान मांग लिया। सावित्री एक पतिव्रता स्त्री थी, वह अपने पति के अलावा किसी अन्य के बारे में नहीं सोच सकती थी। इसलिए यमराज को सावित्री के हठ के आगे झुकना पड़ा। उन्होंने सत्यवान को जीवित कर दिया था। जिसके बाद से महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए सावित्री का अनुसरण करते हुए करवा चौथ पर निर्जला व्रत करती हैं।

यह भी है एक वजह

मुख्य रूप से देश के उत्तर और पश्चिम राज्यों की महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखती हैं। प्राचीन काल से इन राज्यों के पुरुष सेना में काम करते हैं। ऐसे में उनकी सलामती के लिए महिलाएं करवा चौथ का व्रत करती हैं। जिससे उनके पति की दुश्मनों से रक्षा हो सके और उनकी आयु लंबी हो सके।

नजरिया

# देश के आम आदमी की चिंता कौन करेगा?

आवारा पशुओं के कारण देश में दुर्घटनाएं बढ रही हैं।इन दुर्टनाओं में बड़ी तादाद में वाहन चालक या पैदल मर रहे हैं। मरने से कई गुना ज्यादा घायल हो रहे हैं किंतु किसी को इनकी चिंता नही। चिंता है तो सड़कों और गली में घूमने वाले आवारा पशुओं की । जब भी सड़क के इन पशुओं के विरूद्ध कार्रवाई की बात होती है, तो इन पशुओं के कल्याण में लगे संगठन विरोध में उतर आते हैं।वे सड़क के पशुओं की बात करते हैं।उनकी चिंता करते हैं।इनसे टकराकर मरने और घायल होने वालों की चिंता किसी को नहीं। आखिर सड़क पर चलने वाले पैदल या वाहन चालक की सुरक्षा और उसके अधिकार की भी कौन करेगा?उनकी भी तो बात होनी चाहिए। उनकी सुरक्षाकी चिंता भी की जान चाहिए।उनकी हिफाजत की भी तो चिंता की जानी चाहिए। दो साल पुरानी सरकारी जानकारी के अनुसार देश में 2.03 करोड़ लावारिस पशु हैं।इनके हमले से हर दिन तीन व्यक्तियों की मौत होती है। 3 साल में 38,00 लोगों ने गंवाई। देश में आवारा पशुओं के हमलों से रोजाना होने वाली मौतों को लेकर केंद्र सरकार ने फरवरी में एक रिपोर्ट तैयार की। साल 2019 की गणना के हिसाब से देश में आवारा पशुओं की संख्या 2.03 करोड़ आंकी गई है।देश के महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण आवारा कुत्ते, गाय और चूहे जैसे जानवर हैं। यह बात अग्रणी टेक-फर्स्ट बीमा प्रदाता कंपनी एको की 'एको एक्सीडेंट इंडेक्स 2022' रिपोर्ट में सामने आई । रिपोर्ट के अनुसार, देश में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण जानवर थे, खासकर चेन्नई में जानवरों के कारण सबसे अधिक तीन प्रतिशत से ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज हुई हैं।इसमें कहा गया है कि दिल्ली और बेंगलुरु में जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या दो प्रतिशत थी। देश के महानगरों में जानवरों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं में कुत्तों के कारण 58.4 प्रतिशत तथा इसके बाद 25.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं गायों के कारण हुईं।रिपोर्ट के अनुसार, ह्यआश्चर्यजनक बात यह है कि चूहों के कारण 11.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुईं।कंपनी के अनुसार, इस दुर्घटना सूचकांक में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, और मुंबई सहित मुख्य महानगरों में हुई दुर्घटनाओं का विवरण दिया गया है। ये कागजी आंकड़े हैं।ये महानगरों के हालात हैं। गांव में इन दुर्घटनाओं में मौत और घायलों का आंकड़ा और भी कई गुना ज्याद होगा।



अशोक मधुप
वरिष्ठ-पत्रकार

**साल 2019 की गणना के हिसाब से देश में आवारा पशुओं की संख्या 2.03 करोड़ आंकी गई है ।देश के महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण आवारा कुत्ते, गाय और चूहे जैसे जानवर हैं।**

अभी देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनका अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। ये बड़े आदमी थे, इसलिए खबरों में आ गए, गांव देहात में तो कोई इस और ध्यान भी नही देता। हाल में उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बच्चे को गाय ने हमला करके घायल कर दिया । उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह भी मानते हैं कि उत्तर प्रदेश में चार लाख से ज्यादा आवारा पशु हैं, जिन्हें अभी गौशाला भेजना बाकी है।

जानकारी

# डियर पार्क



डियर पार्क 22 एकड़ में फैला हुआ है और ऊटी झील से 2 किमी दूर स्थित है। डियर पार्क में चीथल, सांभर और चित्तीदार हिरण सहित विभिन्न प्रकार के हिरणों को देखा जा सकता है। डियर पार्क अपनी समृद्ध वनस्पतियों के लिए भी प्रसिद्ध है, जो पार्क को और भी शानदार बनाता है। डियर पार्क की स्थापना 1986 में हुई थी और यह भारत के प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्यों में से एक है।

**मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान**

मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान मैसूर के मार्ग पर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीकी हाथियों, तेंदुओं से लेकर बंगाल बाघों तक विभिन्न प्रकार के वन्य जीवन हैं। मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है क्योंकि पार्क में लगभग पचास बाघ हैं। आप मुदुमलाई नेशनल पार्क में जंगल सफारी बुक कर सकते हैं और विभिन्न जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं।

# Realme से लेकर Vivo, Lav नवंबबर में लॉन्च करेंगे ये नए स्मार्टफोन

नई दिल्लीः स्मार्टफोन निमार्ता कंपनियां अक्टूबर की तुलना में नवंबर में ज्यादा स्मार्टफोन लॉन्च कर सकती हैं। कई ब्रांड पहले ही अपनी आगामी स्मार्टफोन के आगमन की पुष्टि कर चुके हैं या इशारा दे चुके हैं। कुछ स्मार्टफोन्स में नया क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 SoC मिलेगा। हाल ही में Xiao 14 सीरीज के साथ इस प्रोसेसर की शुरूआत हुई। कई ब्रांड्स के कुछ बजट मॉडल भी होंगे। अगले महीने कम से कम 12 ब्रांड्स नए फोन पेश कर सकते हैं, जिसमें Lava, iQOO, Oppo, Vivo, Realme, OnePlus, Redmi, Poco, Samsung, Honor, Infinix और Tecno शामिल हैं।




आइए इन आगामी स्मार्टफोन के बारे में विस्तार से जानते हैं।

Lava Blaze 2 5G

Lava Blaze 2 5G भारत में 2 नवंबर को पेश किया जा सकता है। इसे यूट्यूब लाइवस्ट्रीम के जरिए 12 बजे से शुरू किया जाएगा। ऑफिशियल टीजर और लीक्स के अनुसार, फोन में बॉक्सी डिजाइन और सर्कुलर कैमरा मॉड्यूल रिंग LED लाइट मिलेगी। फोन में MediaTek Dimensity 6020 प्रोसेसर मिल सकता है। फोन में 6GB RAM और 128GB स्टोरेज मिल सकती है। फोन की कीमत 9000-10000 रुपये हो सकती है। QOO 12 सीरीज को चीन में 7 नवंबर को लॉन्च किया जा सकता है। ह्वीङ्ग पर लाइव स्ट्रीम की शुरूआत 7 बजे GMT+8 से शुरू होगी। iQOO 12 और iQOO 12 Pro इस सीरीज में शामिल होंगे। फोन में Qualcomm Snapdragon 8 Gen 3 प्रोसेसर होगा। फोन में 50MP कैमरा, 50 मेगापिक्सल अल्ट्रावाइड कैमरा और 64MP का तीसरा कैमरा होगा। फोन में 120W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट मिलेगा।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



'आप'की सरकार ने निगम के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया है। यह कर्मचारी लंबे समय से अपनी नौकरी पक्की करने की मांग कर रहे थे, लेकिन 15 साल सरकार में रही भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने इनकी मांगों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तक हमने 6484 कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है।"

अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री



" सेट, टीम को मिस कर रही हूं और थंगम की भूमिका को अपना रही हूं। #देवरा। देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, और नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पहला भाग 1 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होगा।"

जान्हवी कपूर
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

**आंदोलन में बदला निराश मराठा आरक्षण का आक्रोश**

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर महारास्ट्र में आंदोलन की ऐसी आग उठी की समूचे महारास्ट्र में इस चिंगारी के उछलने से बीड धु-धु कर जल उठा।जिसकी आंच समूचे महारास्ट्र में पहुंच गई है।आंदोलनकारियों ने आग लगा दी।यह मंजर देख देश भी हैरान है।इसलिए सवाल यह उठता है कि इतना होते हुए भी शिवसेना और एनसीपी चुप क्यों है?मराठाओ को ओबीसी कैटेगरी के अंतर्गत 16 फीसदी आरक्षण दिया गया था।राज्य में अभी कुल आरक्षण50 फीसदी है।सुप्रीम की संवैधानिक पीठ ने मई 2021 में आरक्षण रद्द कर दिया था।मराठा नेताओ की मांग पर कुनबी जाति को प्रमाणपत्र दिये जाने के बाद यह मांग उठी की यह प्रमाणपत्र सभी मराठाओ को दिया जाए।लेकिन इसके लिए इनकार करने के बाद मराठाओ ने विधायकों के घर को आग के हवाले कर दिया।पचास फीसदी आरक्षण की सीमा को पार कर गया है।एसके पूर्व भी आंदोलनकारियों ने महाराष्ट्र के बीड जिले मे आंदोलन किया था।सीएम सिंदे ने मराठवाड़ा परिवार को ही आरक्षण दिए जाने की मांग को सिरे से खारिज किया गया और जरांगे ने सबको आरक्षण देने की मांग को लेकर सड़को पर उतरे मराठाओ ने विधायक के घर को राख कर दिया।पुलिस बेबस देखती रही है।सरकार को चुनाव के पूर्व मजबूर किया जा रहा है।मराठा आंदोलन से सरकार के हाथ पांव फूल रहे है।ये चालाकियां राजनैतिक ज्यादा दिखाई दे रही है।धैर्य भी खो रहे है।बीड में आग का कारण बन गई।उसके पूर्व भी मराठाओ ने आंदोलन किया था।सरकार का ध्यान खींचने के लिए मराठा सड़क पर आ गए थे।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### बेरमो को जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**बेरमो :** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन मे कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता मे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किये गया जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के माहा सचिव वकील प्रसाद महतो, संयोजक संतोष कुमार नायक सहित कई लोगो ने भाग लिया। वहीं कामेश्वर मिश्रा के द्वारा बताया गया की 7नवम्बर को बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार को और 21 नवम्बर को बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन के नाम पर ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञात हो की समिति के द्वारा कई वर्षो से बेरमो को जिला बनाने की मांग की जा रही है। वही बताया गया की 7नवम्बर को हजारों की संख्या मे लोगो का जुटाने जिला बनाने की मांग को लेकर होगा। इसके लिए अभी से समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है।

**अपराध**

## जिला प्रशासन के दावों की खुली पोल लगने लगा जुआ अड्डा

# अपराधियों ने की 15 राउंड फायरिंग

- गिरोह का सरगना फरार
- जुआ अड्डा लुटाने पहुंचे थे अपराधी
- ग्रामीणों ने अपराधियों को किया पुलिस के हवाले
- अस्पताल में चल रहा इलाज

**राष्ट्रीय खबर**



**इचाक:** इचाक थाना क्षेत्र के कारीमाटी नदी किनारे चल रहे जुवा अड्डा लूटने आए पांच लुटेरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। घटना बुधवार तीन बजे दिन की है। लुटेरों को कारीमाटी एरिया के नदी किनारे लाखों के जुए के विसात बिछने की भनक पूर्व में लग चुका था। जहां विभिन्न प्रखंडों के 60 से 70 जुआड़ी हर दिन अड्डा पर पहुंचे थे। बुधवार को जैसे ही विसात बिछने की सूचना लुटेरों को मिली।नौ की संख्या में हथियारों से लैस लुटेरों का दल जुआ अड्डा पर धावा बोल दिया। दिन के उजाले में लुटेरों के साहस का बखूबी जवाब वहां मौजूद जुआड़ियों और ग्रामीणों ने दिया। लुटेरे के अड्डा पर पहुंचते ही जुआरी उनकी मनसा को भाप गए और अचानक धावा बोल दिया इसके बाद जुआ अड्डा पर अपरा तफरी मच गई। लोगों के चीख पुकार से कारीमाटी और गिरही गांव के लोग घरों से निकलकर जुआ अड्डा की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद भीड़ बढ़ता देख लुटेरों फायरिंग शुरू कर दी। इसी बीच लुटेरे खुद को ग्रामीणों से घीरता देख बरवां गांव की ओर भागने लगे। इस क्रम में बारवा गांव के युवक और ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए तीन लुटेरों को अशिया पहाड़ी के पास और दो को पकाही के पास धान के खेत में दौड़कर पकड़ लिया। ग्रामीणों के अनुसार अपराधियों ने लगभग 15 राउंड फायरिंग किया।किंतु किसी को चोट नहीं लगी। लोगों ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के धुनाई के बाद पुलिस को सूचना दी गई। लोगों ने बताया कि चार अपराधी ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकले।जिसने राजेश कुमार सरगना जो इचाक का बताया जा रहा है शामिल है। लुटेरे भिकटा इनोवा से जुआ अड्डा तक पहुंचे थे।भागने के क्रम में लुटेरे का हथियार गिर गया जिसे ग्रामीणों ने तीन पिस्टल,एक बैग ,विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल के अलावा लूट में उपयोग किया जाने वाला अन्य सामान जप्त किया है। जिसे पुलिस अपने गिरफ्त में ले ली है। अपराधियों को पुलिस कब्जे में लेते हुए प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सभी अपराधी के केसरो,रामगढ़, गोमिया आदि जगहों के रहने वाले हैं। अपराधियों के इस वारदात की चर्चा चारों ओर हो रही है वहीं ग्रामीणों के हिम्मत और साहस की वाहवाही पूरे विचार प्रखंड में हो रही है लोगों ने जिला प्रशासन से ऐसे साहसिक ग्रामीण युवकों को प्रोत्साहित करने का अपील किया है। घटना की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। बताया जा रहा है की सभी अपराधियों का इलाज इचाक सीएससी में किया जा रहा है अंदेशा लगाया जा रहा है कि घटना में बड़े अपराधियों के संलिप्ट होने का अंदेशा है जिसका खुलासा पुलिस जल्द ही कर लेगी। ग्रामीणों के हत्थे चढ़े लुटेरे में सन्नी रविदास, शिवबला कुमार दास, बिनोद राम, सन्नी सिंह तथा लूटरे गिरोह का सरगना राजेश कुमार भागने में सफल रहा ।

## न्यूज फटाफट

### हेवई पंचायत में खुलेगा ज्ञान केंद्र

**केरेडारी :** केरेडारी के 16 पंचायत में से एक मात्र हेवई पंचायत का चयन पंचायत ज्ञान केंद्र के लिए हुआ है। पंचायती राज विभाग के निदेशक निशा उरांव ने जिला के पंचायती राज पदाधिकारी को इस निमित पत्र प्रेषित किया है। पंचायत ज्ञान केंद्र के लिए पूरे राज्य में 42 करोड़ रुपए आवंटित हुआ है। जिसमें हजारीबाग जिला को 1 करोड़ 47 लाख रुपए का आवंटन दिया गया है। पंचायत ज्ञान केंद्र हेवई पंचायत में स्वीकृत होने के उपरांत मुखिया भारती देवी एवं उनके पति समाजसेवी अमित कुमार दुबे द्वारा पंचायती राज विभाग को धन्यवाद प्रेषित किया गया है। पंचायत ज्ञान केंद्र के लिए हेवई पंचायत को 4 लाख 20 हजार रुपए की स्वीकृति मिला है। यह राशि मुखिया एवं पंचायत सचिव के संयुक्त खाते में पंचायती राज विभाग द्वारा सीधे भेजी जाएगी।

### डीआरडीए ने किया प्रखंड का दौरा



**केरेडारी :** केरेडारी ज़िला परियोजना पदाधिकारी (डीआरडीए) प्रभात रंजन ने बुधवार को केरेडारी प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ अमित कुमार से योजना संबंधित जानकारी हासिल की। जिसके बाद ज़िला परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार के साथ सलगा एवं कराली पंचायत अंतर्गत मनरेगा से संचालित टीसीबी, नाला का जीर्णोधर एवं कूप योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान कनीय अभियंता अशोक कुमार निलेश कुमार बीएफटी प्रभु साव ग्राम रोजगार सेवक किशोर राम मौजूद थे। ज़िला परियोजना पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण के उपरांत प्रखंड मुख्यालय में सभी पंचायत सचिव, कनियअभियंता, ग्राम रोजगार सेवक एवं बीएफटी के साथ पंचायतवार योजनाओं का समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा कमेटी का हुआ गठन

**इचाक :** इचाक प्रखंड के मंगुरा पंचायत विद्यालय प्रांगण में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बक्सु मेहता और संचालन अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का प्रखंड अध्यक्ष भीम मेहता द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, रेणु कुमारी, उपाध्यक्ष मुखलाल मेहता, जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, प्रदेश युवा अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, प्रखंड सचिव गिरधारी कुशवाहा, युवा अध्यक्ष सुनील तलवार, जिला महासचिव बसंत मेहता, समाजसेवी नागेश्वर मेहता, बद्री मेहता, महेश मेहता, उपस्थित हुए।

### त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी का विमोचन



**हजारीबाग :** हजारीबाग महानिरीक्षक के एस बन्याल,, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा मेरू कैम्प कार्यालय में सीमा सुरक्षा बल परिवार द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू के बारहवें ई-संस्करण अवधि 11 जुलाई से10 अक्टूबर 2023 का विधिवत विमोचन किया गया। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आईपीपी नेटवर्क/ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवम विद्यालय द्वारा गत तीन माह (11 जुलाई से 10 अक्टूबर 2023) की अवधि में किये गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, रोजगार मेला, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, पौधा रोपण अभियान, बावा गतिविधियाँ, विभिन्न धार्मिक आयोजन आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यो में से कुछ की झलकियां दिखाई गई है। विदित रहे कि इस पत्रिका का प्रथम ई संस्करण अंक 09 फरवरी 2021 से प्रकाशित जा रहा है। वर्तमान परिवेश में वन संरक्षण के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शो के अनुरूप व पत्रिका सभी पाठको तक पहूँचें इसलिए इसे ई- स्वरूप में जारी किया गया है ।

### आक्रोशित महिलाओं ने किया अंचलाधिकारी का घेराव



**इचाक :** इचाक भगवती मठ में भूमाफियाओं पर जबरन घेराबंदी का मामला तूल पकड़ते जा रहा। एक तरफ रजी०2 चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही, वही दूसरी तरफ अधिकारियों के मिलीभगत से जबरन जमीन कब्जा किया जा रहा है। बार बार इचाक पुलिस व अंचलाधिकारी को सूचना देने के बाद भी नही पहुँच रहे थे। अनुमंडल पदाधिकारी को सूचना देने पर इचाक अंचलाधिकारी मनोज महथा कोरम को पुरा कर भागने के फिराक में थे, इतना में ही दर्जनों महिलाएं अंचलाधिकारी का घेराव कर दिए। आनन फानन में भागे भागे मठ के जमीन पर अंचलाधिकारी 144 धारा लगाने की अनुसंसा अनुमंडल पदाधिकारी को किये।

### व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजे गयें बीएडके महाप्रबंधक एम के राव

**बेरमो :** कोल इंडिया के 49 वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कोयलाकमीर्यों को पुरस्कार एवं प्रमोशन देकर सम्मानित किया है। कोल इंडिया के सीसीएल कम्पनी के बोकारो एवं करगली क्षेत्र के महाप्रबंधक एम के राव को व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। ये पुरस्कार सुरक्षा उत्पादन एवं समाजिक उत्थान करनें के लिए कोल इंडिया अपने अधिकरियों को इस वर्ष से ही ये पुरस्कार देना आरंभ किया हैं। इससे पूर्व महाप्रबंधक एम के राव को उत्कृष्ट महाप्रबंधक का पुरस्कार कोल इंडिया ने दिया था। श्री राव ने कहा कि वरीय अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों यूनियन प्रतिनिधियों , विस्थापितों एवं सभी के सहयोग एवं सार्थक पहल के वजह से ही ये पुरस्कार मुझे मिला हैं,सभी को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया देश का महारत्न कम्पनी हैं देश को वर्तमान समय में भी 75 प्रतिशत बिजली कि जरूरत को कोल इंडिया पूरी करतीं हैं। इस वर्ष भी कोल इंडिया चैयरमैन पी एम प्रसाद के अगुवाई में लक्ष्य कि ओर बढ रहा हैं बोकारो एवं करगली क्षेत्र का भविष्य बहुत ही उज्वल हैं। कोयला का अकूत भंडार हैं आनेवाले समय में ओर बेहतर करेगा। बोकारो एवं करगली प्रक्षेत्र के लोग बहुत ही

## तीन करोड़ की लागत से बनेगा मेगालिथ पार्क



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबागः** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के पकरी बरवाडीह स्थित सुप्रसिद्ध मेगालिथ खगोलीय विज्ञान का भारत के सबसे प्राचीन मेगालिथ में से एक है। अनुमानतः यह कम से कम 3000 साल पुराना है। प्राचीन काल में इसका उपयोग विश्व का निरीक्षण करने के लिए किया जाता था। जब दिन और रात बराबर होते थे। इस स्थान पर दो प्रमुख मेन्हीर यानी खड़े पत्थर हैं। जो अंग्रेजी वर्णमाला केवी आकार बनाते हैं। विश्व के दिनों में, सूर्य इन दोनों पत्थरों के ठीक बीच में उगता है। जिससे एक शानदार हश्य बनता है। उक्त जानकारी का आशय यह है कि यह ऐतिहासिक स्थल बड़कागाँव एनटीपीसी कोल परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जिसके संरक्षण तथा इस स्थल के विकास के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने आने वाले खर्च की पहली किस्त उपायुक्त नैंसी सहाय को सौंपी। बड़कागांव में मेगालिथ पार्क के विकास के लिए 3 करोड़ रुपये की कुल प्रतिबद्ध राशि में से 50 लाख रुपये का चेक जीएम (एलए/आरआर/सीएसआर) नीरज जलोटा एचओपी पीबीसीएमपी ने उपायुक्त को सौंपी।इस दौरान विद्या भूषण कुमार, अपर समाहर्ता सह अनुमंडल दंडाधिकारी भी मौजूद रहे। यह निधि बरकागांव ब्लॉक के पकरी बरवाडीह में स्थित

## फजीर्वाड़ा का उजागर करने वाले के विरुद्ध दिलीप राणा ने अन्यंत्र थाने में दिया आवेदन

# कौन है पंकज शर्मा और क्यों उसके खाते में 5,43,000 रुपए कराया ट्रांसफर



**अशोक कुमार शर्मा**

**हजारीबागः** हजारीबाग बड़कागांव एसबीआई बैंक में खातेधारी एवं फजीर्वाड़ा को उजागर करने वाले के विरुद्ध दिलीप राणा ने मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन देकर मामले को समझौता करने का दबाव डाला । इसे ही कहते हैं चोरी भी और सीना जोरी भी । एसबीआई शाखा बड़कागांव से 5 लाख 43000 की फर्जी निकासी मामले में जब खाताधारी विनोद गंझू ने दिलीप राणा के विरुद्ध फजीर्वाड़ा का थाना में आवेदन दिया तो दिलीप राणा को भनक लगते ही षड्यंत्र रचकर खातेधारी विनोद गंझू एवं एलआईसी के क्लेम में मदद करने वाले सह फजीर्वाड़ा का उद्वेदन करने वाले राजेश सोनी के विरुद्ध डाडीकला थाना में आवेदन देकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए आनन फानन में आवेदन दिया गया ताकि मामले को समझौता किया जा सके। आवेदन में दिलीप राणा ने कहा है कि मैं 30 अक्टूबर 2023 करीब समय 10 बजे भारतीय स्टेट बैंक बड़कागांव शाखा से बैंक तगादा के लिए सोनबरसा गांव निवासी रुपू महतो के पास जा रहा था ।कि सोनबरसा पुल के पास ही विनोद गंझू एवं संजय सोनी द्वारा मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी दी गई। आवेदन में कहा गया है कि मारपीट एवं जान से मारने की धमकी का कारण राजेश सोनी द्वारा कहा गया कि विनोद गंझू का पैसा लौटा दो।इधर चर्चा का विषय है। कि विनोद गंझू के खाता संख्या 41198706105 से चेक के माध्यम से जिस पंकज कुमार शर्मा नामक व्यक्ति के खाता में 5,43,000 की राशि का ट्रांसफर हुआ है आखिर वह व्यक्ति कौन है पत्रकारों द्वारा पंकज कुमार शर्मा के पता खाता संख्या एवं ट्रांसफर किए गए चेक संख्या के बारे में शाखा प्रबंधक से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह ऑफिशियल मामला है इसे उजागर नहीं किया जा सकता है। लेकिन पैसे का ट्रांसफर विनोद गंझू के हस्ताक्षर पर ही हुआ है। इससे अधिक कुछ भी नहीं बताया जा सकता है। वहीं चर्चा है कि मामला बड़कागांव एसबीआई शाखा का है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 14 वां रक्तदान शिविर का आयोजन

**हाता :** हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 5 नवंबर 2023 रविवार को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक श्रीश्री योगेश्वरी आनंदमयी सेवा प्रतिष्ठान माताजी आश्रम हाता में 14 वा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन वीबीडीए जमशेदपुर और ब्लड बैंक जमशेदपुर के सहयोग से किया गया है। आश्रम के भक्त, सदश्य तथा आश्रम के साथ जुड़े हुए सभी रक्तदाताओं को माताजी आश्रम की ओर से सूचित किया जाता है कि आप सभी 5 नवंबर को माताजी आश्रम में आकर रक्तदान करने की कृपा करेंगे। इस पुण्य काम को संपादित करने के लिए माताजी आश्रम परिवार की ओर से सभी को सादर आमंत्रण दिया जा रहा है। यह जानकारी माताजी आश्रम की ओर से सुनील कुमार दे ने दी।

### अमृत योजना को लेकर बैठक आयोजित

**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल की अध्यक्षता में जुडको, एल एंड टी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार, अनिल कुमार पांडे, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट अरुण बाउरी, प्रधान सहायक निरंजन सिंह, जुडको के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय कुमार, जुडको के एपीएम प्रणव पाण्डे, पीएमसी से स्वपन सेन तथा एल एंड टी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनाकरण उपस्थित थे। इस योजना के अंतर्गत एक एमएल डी डब्ल्यू टीपी झील एवं 8 एम एल डी डब्लू टी पी छढवा डैम से दो माह के अंदर जलापूर्ति प्रारम्भ हो जाएगी।डब्ल्यू टीपी झील से 1039 घरों तक जलापूर्ति की जानी है इसमें 1039 घरों में कनेक्शन किया जा चुका है तथा वहां मीटरिंग भी की जा चुकी है एवं ट्रायल रन अक्टूबर से किया जा रहा है।

# युवा महोत्सव चार से



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबागः** हजारीबाग को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में अवस्थित संगोष्ठी कक्ष में कला एवं संस्कृति परिषद की बैठक दिन के 12 से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभावि के कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया कि इस वर्ष का अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव झूमर-2023 का आयोजन 4 से 6 दिसंबर, 2023 को बहु प्रतिष्ठित संत कोलंबा महाविद्यालय की मेजबानी में की जाएगी। अपने संबोधन में कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने सभी इकाइयों को कहा कि झूमर 2023 का आयोजन व्यवस्थित रूप से किया जाए। सभी संस्थान पूरी मेहनत से इसके लिए तैयारी करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय बनाकर इससे संबंधित सभी प्रक्रियाओं का निष्पादन ससमय करें। मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवन को उन्होंने सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष सह कला एवं संस्कृति परिषद के सचिव प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने पिछले वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन स्नातकोत्तर कला एवं संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जॉनी रूफीना तिर्की तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष डॉ सरिता सिंह ने किया। बैठक में इस वित्तीय वर्ष के लिए कुल 30,87,000 रुपए का अनुमानित खर्च को औपबंधिक स्वीकृति दी गई। इसमें युवा महोत्सव के आयोजन के लिए 14,52,000 रुपए का प्रावधान किया गया। इसके अलावे पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में 49 सदस्य वाली विभावि दल के भाग लेने के लिए 4,11,000 रुपए, विश्वविद्यालय दल के प्रशिक्षण के लिए 4,28,000 रुपए तथा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 2,24,000 रुपए की राशि भी शामिल है।

# बीडीओ ने प्राचीन छठ घाट का किया निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**बरहीः** बरही आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुवे प्रशासनिक पदाधिकारी चौकस नजर आ रहा है। बुधवार को बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्राचीन छठ घाट बरही का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी के पास जाकर छठ घाटों की स्थिति की जानकारी ली। वही छठ घाट स्थल पर साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों के सुविधा का जांच किया। बीडीओ ने बताया कि आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों किसी तरह की परेशानी न हो इस पर जोर दिया जा रहा है। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, मुखिया मो. शमशेर आलम, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, ग्राम अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद केसरी, पैक्स अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, वरिष्ट समाजसेवी अशोक सिंह, राजू राणा, राजकुमार केसरी, छठ पूजा समिति सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, समाजसेवियों में संजय साव, दामोदर प्रजापति, विजय सिंह, प्रवीण सिंह, शिबू साहू, नंदन केसरी, गोविंद ठाकुर आदि मौजूद थे।

**चिकित्सा**

## गांव-गांव घूम रही अदाणी फॉउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट

# अदाणी फॉउंडेशन के नेत्र शिविर में हो रहा ग्रामीणों का इलाज

- लोगों के स्वास्थ्य की हो रही निःशुल्क जांच

**राष्ट्रीय खबर**




**हजारीबागः** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य शिविर में कुल 41 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसके तहत महुगाई कला स्थित शिव मंदिर के पास मंगलवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर 21 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इस दौरान हजारीबाग के नेत्र रोग विशेषज्ञ सौरभ बोस ने सभी 12 महिलाओं और 9 पुरुषों के आंखों की जांच की। जांच के क्रम में सभी के आंखों की रौशनी कमजोर पायी गयी, जिसके बाद इन्हें डॉक्टर ने उचित नंबर का चश्मा लगाने की आवश्यकता बताई। अगले कुछ दिनों में इन सभी को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। इससे पहले अदाणी फॉउंडेशन विभिन्न स्थानों पर चार नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुका है। इन शिविरों में कमजोर आंख वालों को चश्मे भी वितरित किये जा चुके हैं। इधर, नेत्र जांच शिविर के अलावा प्रखंड के शिवाडीह गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने मंगलवार को कुल 20 मरीजों का इलाज किया। गांव में लगाए गए चिकित्सा शिविर में हजारीबाग के डॉक्टर बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने अधिकतर लोगों में वायरल सर्दी, बुखार, बदन दर्द और कमजोरी की समस्या देखी। डॉक्टर ने सभी मरीजों को आवश्यक निःशुल्क दवाईयां और उचित परहेज की सलाह दी। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों में लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। पिछले दिनों 20 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी के गोद लिए गए 70 मरीजों के बीच पांचवें चरण का पोषण आहार वितरित किया गया था। उससे पहले अक्टूबर महीने के शुरूआती दिनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के दस गांव में आयोजित चिकित्सा शिविर में 314 ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया था। स्वास्थ्य के अलावा खेल के क्षेत्र में भी अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले महीने बड़कागांव में फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित किया था, जिसमें 176 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहीं, खिलाड़ियों के बीच स्पोर्ट्स किट भी वितरित किये गए थे।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### महायज्ञ को सफल बनाने में जुटी महिलायें

**मेदिनीनगर** : श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा समिति की ओर से यज्ञ स्थल हाउसिंग कॉलोनी में महिला प्रकोष्ठ की बैठक में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य सह महिला प्रकोष्ठ की संयोजक मीना गुप्ता ने किया। मौके पर महिला संयोजक मीना गुप्ता, अंजू सांगा, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नगर परिषद टास्क फोर्स की बैठक

**पाकुड़** : दिनांक 1 नवंबर 2023 को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में जिला टॉक्स फोर्स की बैठक आहूत की गई, बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद प्रशासक महोदय राजकमल मिश्रा एवं आईडीएम के द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वितीय वर्ष 23 - 24 में डे-लुम एवं पीएम सुनिधि योजना के लक्ष्य को समय पूरा करना एवं बैंक को यह निर्देश दिया गया की पीएम सन्निधि योजना के चयनित लाभुकों को जल्द से जल्द लोन वितरण एवं स्वयं सहायता समूह का बैंक खाता संख्या एवं लोन वितरण किया जाना सुनिश्चित करें।

### कॉलेज मोड़ की सड़कों के गड्ढे को ढकने की मांग

**हरिहरगंज** : प्रखंड क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के समीप एनएच 98 सड़क किनारे नाले में खोदे गए गड्ढे अब किसी हादसे को दावत दे रहा है। इसे देखते हुए आसपास के दुकानदारों सहित कई शहरवासियों ने नगर प्रशासन से गड्ढे को ढकने की मांग की है। ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। यह बताया गया कि मुख्य नाला जाम होने से शहर के कई नालियों के पानी का निकास अवरुद्ध था।जिस कारण शहर वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए लोगों की आग्रह पर नगर प्रशासन के द्वारा नालियों के पानी निकास को लेकर जमीन के अंदर गड्ढे खोदवाई गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रखंड संसाधन केंद्र में मासिक गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़)**: गढ़बाड़ी स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में बुधवार को शैक्षिक अंचल एक के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी बीईओ-एक तरुण कुमार घांटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य रुप से मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित रिपोर्ट, प्रयास प्रोग्राम पर चर्चा व रिपोर्ट की समीक्षा की गई। साथ ही प्रोजेक्ट रेल पर चर्चा कर रिपोर्ट की समीक्षा की गई। बच्चों का डाकघर व बैंक में पासबुक खोलने के रिपोर्ट की समीक्षा की गई। ई-कल्याण, आधार, अकाउंट वेरिफिकेसन, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, किताब-कॉपी वितरण, कक्षा एक व छह में एसडीएमआईएस में नामांकन की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए : उपायुक्त

**पाकुड़** : समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की।बैठक में मुख्य रूप से टीवी, एएनसी रजिस्ट्रेशन, एमटीसी केंद्र, कालाजार, संस्थागत प्रसव, एएनसी चेकअप, चाइल्ड इम्यूनाइजेशन समेत अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिए। गर्भवती महिला के रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में बैठक, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए।

**महोत्सव**

### कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर

# धोरोमगढ़ की साफ सफाई में लगे हैं लुगुबुरु पुनाय थान सरना धोरोमगढ़ समिति ट्रस्ट



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो/ललपनिया:** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ललपनिया में होने वाले 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इस को लेकर लुगुबुरु पुनाय थान सरना धोरोमगढ़ समिति ट्रस्ट पदाधिकारियों व सदस्यों को आरआतु मांझी बाबा के सत में पर्वतर लुगुबाबा गुफा धीरी दोलान में जाकर टेंडर के रूप में काम करने की जिम्मेवारी दिया गया है।जिसमें 10 तलाब नाला एवं भिंड को बंदकर तालाब बनाने,सात विभाग ग्राउंड में झाड़ी व साफ सफाई, लुगुबाबा गुफा से घण्टाबाड़ी तक रोड सफाई, लुगुबाबा के ऊपर दोलानमें सीढ़ी बनाने,यात्रियों की सुविधा हेतु लेलीग बनाना, लुगुबाबा गुफा के चारों ओर तथा लुगुबाबा गुफा से लेकर घण्टाबाड़ी रोड तक पचोड़ा व साफ सफाई, यात्रियों को देवस्थल में जल निकासी द्वार का जल निकासी, लुगु आयो दोलान में प्रवेश द्वार व निकासी द्वार तथा लुगुबाबा द्वार का मरम्मती कार्य, लुगुबाबा गुफा से मुरपा, चोरगांवा तक रोड साफ सफाई आदी शामिल हैं जो ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार टुडु के नेतृत्व में शुरू कर दिया गया है।समिति ट्रस्ट अध्यक्ष श्री टुडू ने बुधवार को कहा कार्तिक पूर्णिमा में हर वर्ष शांति पूर्ण पूजा पाठ सम्पन्न कराने को लेकर भव्य तैयारी ट्रस्ट सदस्यों द्वारा कियाजाता है।बतादें कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसरपर आयोजन समिति लुगूबुरु पुनायथान सरना धोरोमगाढ़ समिति (ट्रस्ट) सदस्यों के देख रेख में लुगूपर्वत गुफा स्थित पूजा स्थल में लुगुआयो की पूजापाठ कार्यक्रम में झारखंड सहित देश-विदेश से हजारों महिला पुरुष-श्राद्धालुगणों की भीड़ उमड़ पड़ती है। श्राद्धालुओ के लिए पूजा-पाठ करने हेतु आयोजन समिति के द्वारा विशेष प्रबंद किया जाता रहा हैं। वही महिला-पुरुष श्राद्धालुगणों का स्नान व शौचालय की भी अलग अलग व्यवस्था तथा श्राद्धालुगणो केलिए रहने ठहरने हेतु विशेष व्यवस्था रहती है। भव्य आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राजेश मुर्मू,उपसचिव साहोन बेसरा,किशुन हेम्ब्रम,दीनाराम हांसदा, महादेव टुडू (नायके) जगरनाथ मरांडी, जगदीश हांसदा, संतोष टुडु, नरेश चौडे,मोतीराम टुडु,शिवजी बेसरा, तालोराम हेम्ब्रम, सुरेश सोरेन,बाबूदास हांसदा, सुमंती देवी, फूलमनी देवी,सोनी देवी, ललकी देवी, सोनिया देवी, लक्ष्मी देवी, कोमल मुर्मू, बबिता कुमारी, गुड़िया हेम्ब्रम, रानी देवी, फूलकुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## बाइक दुर्घटना में महिला सहित तीन घायल

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** पाटन थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी अमित कुमार उम्र 35 वर्ष टेंपो से धक्का लगने पर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल गए।इस घटना के बारे में घायल अमित कुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह बाइक पर सवार होकर किसी काम से मेदिनीनगर कचहरी जा रहे थे।तभी रास्ते में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सिक्की कला गांव में एक टेंपो ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया।जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं दूसरी और विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआ निवासी हरिदास भुइया का पुत्र अजीत भुइयां उम्र 25 वर्ष मंगलवार की शाम अपनी पत्नी को लेकर ससुराल छतरपुर जा रहा था। तभी रास्ते में अजीत कुमार और उसकी पत्नी अनीता देवी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## शहर वासियों को मिलेगा बेहतर पिकनिक स्पॉट : आयुक्त



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रानी ताल डैम की प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा की प्रशंसा की। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के नजदीक रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के ग्रुप में विकसित होने से शहरवासियों को बेहतर पिकनिक स्पॉट मिलेगा। वे आज रानी ताल डैम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को इतनी सुंदर जगह का लुत्फ उठाना चाहिए।रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसे विकसित होने एवं पर्यटकीय सुविधा के विस्तार से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। स्थानीय लोग सबल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि डैम आने वाली सड़क को भी दुरुस्त किया जाएगा, पर्यटकों को यहां आने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के जिलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन संवर्धन पर कार्य कर रही है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय सुविधा एवं अन्य जन सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को फायदा होगा।

## विदाई समारोह सह कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डाः** ऊर्जा नगर स्थित इंजीनियर सह साहित्यकार सुशील साहिल के आवास पर ईसीएलकर्मी अशोक कुमार अजय के सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में विदाई समारोह सह कवि सम्मेलन का भव्य एवं विराट आयोजन किया गया कवि सम्मेलन की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर श्री सुशील साहिल ने की कार्यक्रम का आगाज ईश्वर वंदना के साथ हुआ इसके बाद सेवानिवृत्त ईसीएलकर्मी अशोक कुमार अजय को तमाम उपस्थित कावियों एवं शायरों ने फूल का माला पहना कर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इसके बाद कवि सम्मेलन सह मुशायरा का दौर चला कवि सम्मेलन सह मुशायरा की शुरूआत विदाई गीत के साथ करते हुए झारखंड के जाने-माने शायर कलीमुल्लाह परवाना ने कहा कि सुना सुना सा लगेगा आपके जाने के बाद ! दोस्तों को अब खेलेगा आपके जाने के बाद !इसके बाद बारी आई युवा शायर शम्स परवाना की उन्होंने विदाई समारोह में दर्द और गम का माहौल बनाते हुए शेर पड़ा कि खुशी को छीन कर गम में डूबा कर जा रहे हो तुम !जो घर को जा रहे हो तुम मुझे तड़पा रहे हो तुम !इस पर माहौल गंमगीन हो गया इसके बाद वरिष्ठ शायर एवं कवि सुशीलसाहिल ने शेर गुनगुनाते हुए कहा कि विदाई की घड़ी ऐ दोस्तों गमगीन होती है !तड़प ऐ दिल तड़पने से दिली तस्कीन होती हैइस पर उन्हें खूब तालियां मिलीं इसके अलावा डॉ राधेश्याम चौधरी अनुराग अचल शंकर सुमन उत्तम कुमार उत्तम निक्की राय अशोक कुमार अजय आदि ने भी एक से बढ़कर एक कविता पाठ कर श्रोताओं को आनंदित किया धन्यवाद ज्ञापन के साथ कवि सम्मेलन सह मुशायरा का समापन हुआ।

## भाजपा नेता ने आयुर्वेद क्लिनिक का उद्घाटन



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** जपला नवीनगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दरुआ मोड़ (हुसैननगर) में एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस क्लिनिक का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन करने के बाद उन्होंने क्लिनिक के संचालक डॉ पच्चु कुमार रवि से विभिन्न बिमारीयो से संबंधित आयुर्वेद से होने वाले इलाज को सूक्ष्म तरीके से जाना।उद्घाटन में मुख्य रूप से कर्नल संजय सिंह के अलावा महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर किसान ब्रिगेड सदस्य चंचल सिंह मनोहर सिंह सुभाष कुमार क्लिनिक के सहायक मुकेश कुमार व स्थानीय निवासी कैलाश राम दशई राम गुदन राम अक्षय कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। जानकारी देते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुर्वेद क्लिनिक खुलने से आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

**स्मृति शेष**

### गौ हत्या आंदोलन में पंडित ओम प्रकाश को हुई थी महीने भर की जेल

# पंडित ओम प्रकाश शास्त्री के निधन पर शोक की लहर

- भागलपुर स्थित आवास पर हुआ निधन
- श्राद्ध कर्म में शामिल हुए अधिकारी-पत्रकार

**वरीय संवाददाता**



**भागलपुर:** शहर के चुनिहारी टोला के रहने वाले पंडित ओम प्रकाश शास्त्री उर्फ ओम प्रकाश कौशिक का निधन हो गया। उनके निधन पर बिहार, झारखंड, हरियाणा के कर्मकांडी और पंडितों ने गहरा शोक प्रकट किया है। पंडित शास्त्री का जीवन धर्म-आध्यात्म से जुड़ा हुआ है। वे धर्मशास्त्रों की बड़े विद्वान थे और आजीवन शाकाहारी रहे। सदाचार उनके कण-कण में बसा था। धर्म से जुड़े आचार को उन्होंने अपने जीवन में भी समाहित किया था। उन्होंने कभी किसी का अनिष्ट नहीं किया। पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को सदा ईमानदारी के रास्ते पर चलाया। नतीजा, वे पैसे नहीं कमा सके, लेकिन समाज में उनकी प्रतिष्ठा काफी थी। भागलपुर के लोग उन्हें पंडित जी नाम से जानते थे।

वह बचपन से ही जीवन में संघर्ष करते रहे। ब्रह्मचर्य का आश्रम जिसे आप अब सीताराम पाठशाला भी कहते हैं जो हरियाणा के भिवानी जिले में स्थित है। दूसरी तरफ यूपी के वृंदावन में रमन रेती आश्रम में संस्कृत की पढ़ाई की थी। वहां से गौ हत्या आंदोलन में शामिल हुए। जिसके कारण एक महीने के लिए इनको जेल में भी रहना पड़ा था। 1965 में गौ हत्या आंदोलन में काफी लोगों जेल जाना पड़ा था। उसके बाद कई वर्षों तक बनारस में भी पढ़ाई की। फिर उसके बाद में उड़ीसा के संबलपुर में दो वर्षों तक रहे। ओमप्रकाश शास्त्री देश के अन्य राज्यों में जाकर पूजा पाठ और कर्मकांड का कार्य करते थे। बड़ा पुत्र संजय कुमार कौशिक उर्फ. संजू की कुछ महीना पहले तबीयत खराब हो गई थी लेकिन पिता को आग देने से लेकर अंतिम श्रद्धाकर्म तक का कार्य बड़े पुत्र के हाथ से हुआ है। उनके दूसरे नंबर पुत्र संदीप कुमार कौशिक उनकी उपाधि लिए हुए हैं और वह पूजा पाठ का कार्य करते हैं। तीसरा पुत्र दीपक नौरंगी जो वरिष्ठ पत्रकार है। ओम प्रकाश शास्त्री अपने तीनों पुत्र और एक पुत्री की शादी का पूरा कार्य और अपना दायित्व हुआ पूरा कर चुके थे।

मूल रूप से भिवानी के निवासी रहे पंडित शास्त्री के छोटे भाई कैलाश शर्मा जो भिवानी में ही रहते हैं। इस दुख की घड़ी में भागलपुर के प्रशासनिक और पुलिस के और पत्रकार और स्थानीय नेता ने श्रद्धाकर्म के अंतिम दिन पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। भिवानी से जगन्नाथ जी के बड़े पुत्र पवन शर्मा और बबलू और अजय और सुरेश प्रधान और माहेश्वर भाई और छोटे भाई कैलाश शर्मा अस्वस्थ होने के कारण भिवानी से भागलपुर नहीं आ पाए। लेकिन उन्होंने वहीं से ही अपनी संवेदना और दुख प्रकट किया है। दूसरी ओर बाबू भैया के परिवार से और पवन भैया के परिवार से भी महिलाएं भी और संबलपुर से जीतू जी भी भागलपुर पहुंच। श्राद्ध कर्म का कार्यक्रम जहां पंडित ओमप्रकाश शास्त्री अपना पूजा पाठ करते थे, वही रानी सती मंदिर धर्मशाला में ही शांति भोज का आयोजन किया गया। यहां काफी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति देखी गई।

## न्यूज फटाफट

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर मार्च-पास्ट का आयोजन



**पाकुड़** : जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गांधी चौक से अंबेडकर चौक तक मार्च-पास्ट का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल कर रहे थे। अंबेडकर चौक में जवानों ने अधिकारियों को सलामी दी। एसपी हरदीप पी जनर्धन ने मौके पर पुलिस जवानों को शपथ दिलाई। जवानों को शपथ पत्र के साथ एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। उपस्थित अधिकारी व कर्मियों को संबोधित करते हुए पाकुड़ डीसी ने कहा कि यहां राष्ट्रीय एकता के लिए लोगों को शपथ दिलायी गई। उन्होंने कहा की सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। आज भारत का वृहत स्वरूप सरदार पटेल की ही देन है. लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शो पर चलने का संकल्प लेना ही सच्ची श्रद्धाजंलि होगी. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार पटेल थे. मौके पर अनुमंडल पुलिस पधाधिकारी अजीत कुमार विमल, प्रशिक्षित डीएसपी अजय आर्यन, नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, मोफशिल थाना प्रभारी सतीश कुमार, मालपहाड़ी सत्येंद्र कुमार यादव, इंस्पेक्टर उमा शंकर सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

### झीकरहट्टी एवं किस्मतपुर की बैठक

**पाकुड़** : नवीनगर मंडल के अंतर्गत झिकरहाटी पश्चिमी एवं किस्मतसार पंचायत में भाजपा मतदान केंद्र समिति के अध्यक्षों एवं प्रमुख कार्यकताओं की बैठक झिकरहाटी राजवंशी टोला एवं कदमसार मंडल टोला में मंडल अध्यक्ष अरुण चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पाकुड़ विधानसभा के विस्तारक जयप्रकाश यादव, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय,अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सादेकुल आलम,मंडल महामंत्री बहादुर मंडल,उपाध्यक्ष भुटू कुनाई सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। विस्तारक जयप्रकाश यादव ने नवीनगर मंडल के अंतर्गत उक्त पंचायत के मतदान केन्द्रो की समीक्षा कर मतदान केंद्र समिति का सत्यापन किया। श्री यादव ने मतदान केंद्र स्तर पर पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का सुझाव कार्यकर्ता को देते हुए मतदान केंद्र स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आमजनों के लिए किया जा रहे हैं कल्याणकारी योजनाओं और कार्यो के संबंध में बताने का आह्वान किया।

### छठ पूजा समिति का किया गया गठन

**पाकुड़** : पाकुड़ नगर परिषद के बगान पाडा.स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर में टीन बंग्ला छठ पूजा सेवा समिति की बैठक सम्पन्न हुई इस बैठक में छठ पूजा समिति का गठन किया गया। उदय लखमानी जी को अध्यक्ष, श्री अनिल गुप्ता को सचिव, जितेन्द्र जयसवाल को कोषाध्यक्ष एवं मोनू तिवारी को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।साथ ही सफल संचालन हेतु कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। मनोज पंडित ,चंदन राय, बप्पी बर्मन, रंजीत गुप्ता, कपिल दे, जयनारायण भगत, रोहित मंडल, अजय सिंह, संजय भगत, डॉ कुणाल सिंह, विष्णु गुप्ता, काशी गुप्ता ,जितेंद्र भगत ,विजय पटवा, संजय भगत, सुमन चौधरी, सागर खत्री, विजय शंकर सिंह, संजय सिंह को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।नव नियुक्त छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्री उदय लखमानी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाएगा। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा मौके पर टीन बँगला के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर हुआ मारपीट मामला दर्ज

**महेशपुर (पाकुड़)**: थाना क्षेत्र अंतर्गत हाथीमारा गांव में बीते 28 अक्टूबर को जमीन संबंधी विवाद को लेकर हुई दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर बीते कल देर शाम थाना में दोनों पक्षों के द्वारा दो अलग-अलग मामला दर्ज की गई है। घटना को लेकर प्रथम पक्ष के वादी एनासुल अंसारी बलियाडंगाल गांव निवासी ने हाथीमारा गांव के मैनेजर अंसारी, सादेक अंसारी, जाकीर अंसारी, रहीम अंसारी, रेजाउल अंसारी, दुलाल अंसारी, सामा अंसारी के खिलाफ एकमत होकर लाठी-डंडा एवं लोहे के रॉड से मारपीट कर गंभीर रुप से जख्मी कर देने तथा पॉकेट से सात हजार रुपए निकाल लेने का आरोप लगाया है। वहीं घटना को लेकर दुसरे पक्ष की वादिनी रहीना बीबी हाथीमारा गांव निवासी ने बलियाडंगाल गांव के अनासुल अंसारी, आबुल अंसारी, फिरोज अंसारी, अनुसार अंसारी, जामालुद्दीन अंसारी, अनवार अंसारी, अकबर अंसारी के खिलाफ एकमत होकर लाठी-डंडा एवं लोहे के रॉड से मारपीट करने तथा छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### बीएलओ पर्यवेक्षकों का ई-विद्या वाहिनी पर समीक्षात्मक बैठक

**महेशपुर (पाकुड़)**: निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी महेशपुर विधानसभा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता राजीव कुमार ने बुधवार को बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में मुख्य रुप से ई-विद्या वाहिनी की समीक्षा की गई। बीइईओ दो बाबुराम मुर्मू को निर्देश दिया गया कि आज शाम तक लंबित प्री फिल्ड फार्म छह को हर हाल में निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने का कार्य करें। 28 तथा 29 अक्टूबर को आयोजित स्पेशल कैंप में कम प्रपत्र प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ का सतत मॉनिटरिंग करते हुए अधिक-से-अधिक मतदाता सूची में मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया गया। बैठक में शत-प्रतिशत पहाड़िया मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंधन करने हेतु विभाग द्वारा निर्धारित इनक्लूसिव वीक (समावेशी सप्ताह) में विशेष अभियान चलाकर नाम जोड़ने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ संजय कुमार सिंहा, बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, निर्वाचन शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार आर्या तथा गौरव तिवारी सहित बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं सावित्रीबाई फुले जाने योजना का हुआ प्रशिक्षण



**महेशपुर (पाकुड़)**: प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को सीडीपीओ सावित्री देवी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सेविकाओं को आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित वैसे सभी कार्य जो पोषण ट्रेकर ऐप के माध्यम से किया जाना है, के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पोषण ट्रेकर एप में लाभुकों का आधार सत्यापित करने के बावत जानकारी दी गई। बैठक में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में छुटे हुए योग्य लाभुकों से आवेदन लेने का निर्देश दिया गया। निर्धारित अवधि तथा समय पर केंद्र का संचालन करने तथा निर्धारित मात्रा में पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका मारग्रेट कंचन अंजली माल्वा, रूथ टुडू, सुमित्रा देवी, चंदा रविदास सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थीं।

## शहर >> अपडेट

### सुहागिनो ने की अखंड सुहाग की कामना

मरकच्चो: अखंड सुहाग की कामना का पर्व करवा चौथ व्रत मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में बुधवार को मनाई गई। सुहागन महिलाओं ने निर्जला व निराहार रहकर करवा चौथ की व्रत रखी। शाम होते ही घरों में मंडप सजाई गई। शुभ मुहूर्त देखकर भगवान कार्तिकेय, भोले शंकर और माता पार्वती की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद व्रतियों ने बेसब्री से चांद के दीदार होने का इंतजार किया। चांद का दीदार होते ही महिलाएं खुशी से झूम उठी। चलनी से चांद का दीदार किया व आरती उतारी। तत्पश्चात पति की आरती की। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण की तथा व्रत का समापन किया। वहीं पर्व को लेकर बुधवार को दिनभर बाजार गुलजार रहा। ज्वेलरी कपड़े व पूजा सामग्री की दुकानों पर काफी भीड़ देखी गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### जंगली हाथी से ग्रामीणों में मचा हड़कंप



जयनगर: प्रखंड के गोहाल पंचायत के तालाब के सामने एक बार फिर से जंगली हाथियों का झुंड आ जाने से अगल-बगल के इलाकों में पूरा हड़कंप मचा हुआ है। बताते चले की इसके पूर्व में भी कई बार जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में जंगली हाथियों ने कई लोगों का फसल के साथ-साथ कई घरों को नुकसान पहुंचाया है। जिसके कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है। मालूम हो कि इसके पूर्व में भी प्रखंड के करमाटांड, मकतपुर, गोहाल, मुसौवा, गरगी, खरपोका, बेरोगांय, कटिया, परसाबाद, पांडू सहित प्रखंड के कई अन्य जगहों पर भी जंगली हाथियों ने नुकसान पहुंचाया। वहीं ग्रामीणों के अनुसार अभी भी जंगली हाथी प्रखंड के गोहाल में एजाज खान के घर के ठीक सामने हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डीएफओ कोडरमा को दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जंगली हाथियों को समय रहते हुए नहीं भगाया तो एक बार फिर से घटना घट सकती है। लोगों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण कड़ी मेहनत करके किसी तरह कर्ज करके फसल लगाते हैं और जंगली हाथियों के द्वारा उसे कुचलकर नष्ट कर दिया जाता है जिससे हम लोगों को काफी ज्यादा नुकसान होता है और विभाग के द्वारा हम लोगों को कुछ नहीं मिलता है। लोगों ने बताया कि इसके पूर्व में भी प्रखंड के गरगी पंचायत में ईटा भट्ठा में काम कर रहे एक मजदूर को जंगली हाथियों ने कुचलकर मार डाला था जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी।

सशक्तिकरण

## सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमेशा प्रयत्नशील

# 14 लाख सदस्य निरंतर सेवा में :शिव प्रकाश बागडिया

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा शिव वाटिका में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया जी के साथ पब्लिक मीटिंग की गई जिसमें रोटरी क्लब कोडरमा ने अपने सेवा क्षेत्र के कार्यों को जनता के बीच रखा और आने वाले महीने में समाज सेवा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा को बताया मंच संचालन रोटेरियन शैलेश दारूका ने किया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के साथ रोटरी के सभी पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलन किया मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया स्वागत भाषण अध्यक्ष विकास सेठ ने दिया सचिव नवीन जैन ने रोटरी कोडरमा के द्वारा किए गए कार्यों का ब्योरा सभा के बीच प्रस्तुत किया ऐजि कुमार पुजारा ने रोटरी के कार्यों को विस्तार से बताया रोटरी बाल विद्यालय के डायरेक्टर महेश दारूका ने रोटरी के परमानेंट प्रोजेक्ट आई हॉस्पिटल, डायलिसिस सेंटर, सहेली सेंटर, बाल विद्यालय,




इम्यूनाइजेशन सेंटर, स्कॉलरशिप प्रोजेक्ट के बारे में बताया और कहा कि इन सभी सेवा के कार्यों का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है मुख्य अतिथि का परिचय रोटेरियन प्रतीक पांडया ने दिया इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक नवीन आर्य थे अपने एकदिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए मुख्य अतिथि जिला गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने कहा कि रोटरी के 14 लाख सदस्य सेवा क्षेत्र में काम कर रहे हैं रोटरी शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण स्वच्छता अभियान आदि क्षेत्रों में विश्व स्तर पर कार्य कर रही है भारत निर्माण में अपना योगदान दे रही है रोटरी के सदस्य तन मन धन के साथ निस्वार्थ एवं समर्पित भावना से कार्य करते हैं रोटरी कोडरमा सेवा क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है यह क्लब प्रशंसा का पात्र है रोटरी के परमानेंट प्रोजेक्ट जिले में जरूरतमंदों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में रोटरी हमेशा प्रयत्नशिल रहती है रोटरी कोडरमा के सहेली सेंटर के द्वारा बच्चियों को कंप्यूटर ब्यूटीशियन सिलाई मेहंदी आदि का कोर्स सीखा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है मुख्य अतिथि एवं उनकी धर्मपत्नी फर्स्ट लेडी रंजना बगड़िया को रोटरी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया गिरिडीह से आए रोटेरियन एडीजे पियूष मुसद्दी जी को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया आईपीपी अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने भी मुख्य अतिथि को मोमेंटो दिया सचिव नवीन जैन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया सभा स्थल में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अरुण ओझा, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी श्याम सुंदर सिंघानिया, संजय अग्रवाल, ओम जगनानी , ओम खेतान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह दिलीप सिंह, ग्रिजली स्कूल के डायरेक्टर अविनाश सेठ इनर व्हील की अध्यक्ष आशा खेतान एवं सदस्य रोटरी क्लब कोडरमा के सत्र 24- 25 की ऐजि संगीता शर्मा 24- 25 के अध्यक्ष रोटेरियन अमित कुमार पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन कैलाश चौधरी, सुरेश जैन, रितु सेठ रोटेरियन पवन दारूका, प्रवीण वर्णवाल, संतोष सिन्हा, संदीप सिन्हा, सुरेश सेठी, कमल सेठी, अश्विनी राजगढ़िया, सुभाष मोदी, माला दारूका, आरती आर्य, अंजना केडिया, ज्योति पुजारा, सुनीता पांडे, संतोष चौधरी, धर्मेंद्र प्रसाद यूथ विंग के रोटेरियन गौरांग पुजारा, विपुल बगड़िया, आशीष छाबड़ा, मनीष अग्रवाल कई सामाजिक संस्थाओं के सदस्य राकेश छाबड़ा कालराजी सुनील बडग्वे सुधीर जी रवि कपसीमें अरुण मोदी प्रदीप सुमन एवं कई विद्यालय के डायरेक्टर प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## 40 पड़हा के देवी देवताओं का मिलन स्थल

# मुड़मा जतरा आदिवासियों का महाकुंभ : सुखदेव



राष्ट्रीय खबर

कुडूः झारखंड का ऐतिहासिक मुड़मा जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत जतरा में अतिथि के रूप में शामिल हुए। सबसे पहले सुखदेव भगत जतरा शक्ति खुंटा स्थल पर विधिवत्त पूजा अर्चना कर राज्य की सुख समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना किये। श्री भगत ने कहा कि झारखंड का यह सबसे बड़ा ऐतिहासिक जतरा है। इस जतरा का गौरवशाली इतिहास है। इसे यादगार के रूप में मनाते हैं। यह उरांव एवं मुंडाओं का मिलन स्थल है। पहड़ा स्वशासन व्यवस्था के बेल, दीवान, अध्यक्ष पाहन पुजार के साथ-साथ 40 पड़हा के देवी देवताओं का भी या मिलन स्थल है । यह आदिवासियों का महाकुंभ है। यह जतरा अनेकता में एकता का प्रतीक है। हम सबों को अपनी संस्कृति ,सभ्यता को और मजबूत करने की आवश्यकता है। मौके पर आयोजन समिति के संयोजक धर्म गुरु बंधन तिग्गा के साथ-साथ हजारों संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नेताओं को डराया जा रहा: भुवनेश्वर मेहता




राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक के पूर्व अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिन कयुम उद्दीन के पिता के निधन पर 2 मिनट मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं पार्टी के शीर्ष नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इंडिया गठबंधन से मोदी और भाजपा भयभीत हो गई है। खिसियाली बिल्ली खंबा नोचे की तरह ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर विपक्षी नेताओं को भयभीत किया जा रहा है। बोलने पर पाबंदी लगाई जा रही है इससे देश में लोकतंत्र समाप्त हो रहा है। अधिनायक वाद के तरह देश चला जा रहा है जो देश के लिए दुर्भाग्य है। फिर भी 2024 के चुनाव में भाजपा की करारी हार सुनिश्चित है क्योंकि बीजेपी इंडिया गठबंधन से भयभीत हो चुकी है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चुनाव लड़ेगी। भाजपा को चाहे यशवंत सिंहा हो या दामोदर पांडे हो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने ही हराया है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कहा कि 7 नवंबर क्रांति दिवस है। क्रांति दिवस के अवसर पर भाकपा के द्वारा हजारीबाग में प्रस्तावित 7 नवंबर को परिवर्तन रैली में कोडरमा जिला से 500 संख्या में भाग लेंगे। बैठक में 7 नवंबर को हजारीबाग में प्रस्तावित रैली पर चर्चा हुई जिसकी तैयारी सभी साथियों को जिम्मेवारी दिया गया है। मौके पर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, उप प्रमुख विरेंद्र यादव, दुर्गा राय, सिकंदर कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव, दशरथ पासवान, कामेश्वर पंडित, भुलेश्वर पंडित, सुखदेव पांडे, असगर अली, किशोर चौधरी, विश्वनाथ रविदास, रंजीत भारती, बसमतिया देवी, उमा देवी, दीपक चौहान, बजरंगी दास, हरि पासवान, युगेश यादव आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन असगर अली ने किया।

# पेंशन अदालत आयोजन



राष्ट्रीय खबर

कोडरमा:समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता अनिल कुमार, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी व अन्य पेंशनरों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पेंशन अदालत की शुरूआत की गयी। पेंशन अदालत में पेंशनरों से संबंधित समस्या पर विचार विर्मश किया गया। उपायुक्त महोदया ने पेंशनरों के पेंशन से संबंधित मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया और कहा कि इन लोगों को विभाग का चक्कर न काटना पड़े। इसको ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र मामले का निस्तारण करें। ज्यादातर मामले शिक्षा विभाग के थे, जिसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को पेंशन से संबंधित सभी लंबित मामलों को निस्तारण करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, नारायण मोदी, रामनरेश चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर



कुडू:अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुडू, लोहरदगा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में बीएड के प्रशिक्षुओं द्वारा रैली और एकता दौड़ का आयोजन टिको के बड़का टोली तक किया गया जिसमे ग्रामीणों में वीणा,कलौती,बिनोद,मुनिया, पीहु,करुणा आदि उपस्थित रहे रैली और एकता दौड़ को सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर और सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भेजा गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत रेणुका, शिव,अर्चना, जंगबहादुर,आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे काजल प्रथम,नम्रता द्वितीय,खुशबू तृतीय स्थान पर रहे ।सरदार पटेल द्वारा पांच सौ पैंसठ रियासतों के एकीकरण का कार्य किया गया जो राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## >>>> न्यूज फटाफट

### रोजगार मेला का आयोजन

कुडू :श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड अंतर्गत जिला नियोजनालय लोहरदगा द्वारा कल दिनांक 02.11.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से रोजगार मेला का आयोजन जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में किया जाएगा ।इस रोजगार मेला में मेडिकेयर इनवायरोमेंट मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड लोहरदगा, रक्षा सिक्योरिटी सर्विसेज लिमिटेड आंध्र प्रदेश, अपटू स्किल पालम नई दिल्ली, आमधानी प्रा लि दिल्ली, बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस लोहरदगा, एलआईसी लोहरदगा, मिलेनियम स्किल एनसीआर दिल्ली, भारती अक्सा लाईफ इंश्योरेंस लोहरदगा और ग्रामीण शिक्षा एवं प्रशिक्षण फाउंडेशन गुजरात को कुल 1585 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु नियोजक कंपनी के रूप में आमंत्रित किया गया है। शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास/इंटरमीडिएट पास/आईटीआई पास/स्नातक आदि है। रोजगार मेंला में शामिल होने के लिए विभिन्न पदों में उम्र सीमा 18-40 वर्ष है ।योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो-04 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

### नगर पंचायत में हुई राजस्व संग्रहण बैठक

कोडरमा: नगर पंचायत प्रशासक शशि शेखर सुमन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत टैक्स संग्रहण की प्राप्ति असंतोषजनक है। सभी नगर पंचायत कोडरमा वासियों से आग्रह किया जाता है कि ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें। होल्डिंग टैक्स बकायदारों को नोटिस देने का निर्देश दिया गया, नोटिस के बावजूद भी होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे ऐसे धृतिधारी जिन्होंने अपना संपत्ति का आकलन नहीं कराया है, वे 7 दिनों के अंदर अपना संपत्ति का आकलन कराएंगे, जिन धृतिधारी अपने मकान को अपग्रेड किए हो, उन्हें पुनर्मूल्यांकन कराने की आवश्यकता है, वह जन सुविधा केंद्र में आकर पुनर्मूल्यांकन कराना सुनिश्चित कराये। छूटे हुये व्यावसायिक प्रतिष्ठान दुकानदार जल्द से जल्द ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें जो प्रतिष्ठान दुकानदार ट्रेड लाइसेंस नहीं लेते हैं वैसे प्रतिष्ठानों दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दंड शुल्क लिया जायेगा। अपने फर्म, कंपनी, प्रतिष्ठान, दुकान का विज्ञापन, प्रदर्शनी प्रचार प्रसार करने से पूर्व निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा के जन सुविधा केंद्र में जमा कर अनुमति के पश्चात ही करेंगे अन्यथा नगर पालिका अधिनियम के तहत संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहू, चॉइस कंसलटेंसी के विनय जरीवाल, सहायक अजय कुमार, रश्मि कुमारी सिन्हा, रितिका प्रिंटेड प्राइवेट लिमिटेड के विकास कुमार, तिलक कुमार आदि उपस्थित थे।

### दुकानों एवं ढाबा का किया निरीक्षण

कोडरमा: श्रम अधीक्षक कोडरमा अनिल रंजन ने श्रम विभाग से सम्बंधित कानूनों को लागू करवाने के लिए जिले के विभिन्न दुकानों एवं ढाबा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओम साईं फैमिली रेस्टुरेंट, देशी स्वीट्स, बबलू फास्ट फूड, सुधा स्वीट्स एंड स्नेक्स समेत अन्य होटलों पर जाकर वहां कार्य कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मियों से बात करके उनको मिलने वाली मानदेय और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी मजदूर के साथ अन्याय हो रहा है तो वे उन्हें इसकी सूचना दें। श्रम विभाग हर संभव उनकी सहायता करेगी। दुकानदार यह सुनिश्चित करें की उनके कामगारों को न्यूनतम मजदूरी हरहाल में मिले। साथ ही उन्होंने बाल श्रमिकों का भी जायजा लिया। किसी भी दुकान पर बाल मजदूर काम करते हुए नही पाया गया।

### 10 टन ढिबरा जब्त चालक गिरफ्तार



डोमचांच: वन विभाग की टीम ने डोमचांच रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में बीती रात ढिबरा लदा एक शक्तिमान ट्रक को जप्त किया है। वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच मसनोडीह जंगल से जप्त उक्त वाहन को जब्त किया गया। इस मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाखलार जंगल से ढिबरा लोड करके शक्तिमान ट्रक कोडरमा की तरह आ रहा है। उक्त वाहन को आते देख वाहन को रुकने को कहा गया पर गश्ती दल देखकर चालक ने वाहन भगा दिया। जिसके बाद काफी दूर जाकर मसनोडीह जंगल के समीप गाड़ी को जप्त किया गया। इस मामले मे चालक की गिरफ्तारी हुई है जिसका नाम अजय मेहता पिता अर्जुन मेहता ग्राम मसनोडीह बताया जा रहा है। वहीं जप्त वाहन को वन विभाग परिसर लाया गया। गाड़ी में 10 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत दो लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। मौके पर पीयूष प्रभाकर, रविकांत कुमार, अनिल कुमार साव आदि मौजूद थे।

### सतर्कता जागरुकता पदयात्रा कार्यक्रम




कोडरमा: सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2023 के तहत पद यात्रा अभियान के कार्यक्रम के दौरान पावरग्रिड, कोडरमा की ओर से एक पद यात्रा कार्यालय परिसर से उपायुक्त समाहरणालय कोडरमा तक किया गया। यात्रा में शामिल एक आडियो सयंत्र के माध्यम से भ्रष्टाचार रोको पर स्लोगन व संभाषण का श्रवण कराया गया ताकि समाज, समूह और आमजन में भ्रष्टाचार रूपी दीमक की लंका का समूल नाश कर सरकारी तंत्र में सुधार किया जा सके। वहीं अभियान में शामिल पावरग्रिड कोडरमा के प्रवन्धक राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा एक नारा दिया कि मेरा देश, तेरा देश ऐसा कहकर करो, न क्लेश अर्थात अक्सर हम सार्वजनिक संपत्ति को अपना बता कर, उसी का अपमान और दुरूपयोग करते है। क्या ये आचार, भ्रष्टाचार नहीं है। मौके पर अभियंता सुनील कुमार पासवान, मुन्ना कुमार पटेल, मुकेश मुर्मू सहित कई लोग यात्रा में कर्मचारी, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

बैठक

## सीटू व एआईकेएस करेगी केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध

# सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण के खिलाफ सभा कल

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे और बिजली क्षेत्र का निजीकरण तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ देशव्यापी सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ दिवस के तहत 3 नवम्बर को कोडरमा रेलवे स्टेशन के समक्ष सीटू और एआईकेएस के बैनर तले विरोध सभा का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को वीर कुंवर सिंह पार्क में सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) और झारखंड राज्य किसान सभा (एआईकेएस) की संयुक्त बैठक में लिया गया। अध्यक्षता सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने



किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान और किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन भाजपानीत मोदी सरकार के द्वारा इसे लगातार खत्म किया जा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों को बचाने के लिए कर्मचारी यूनियन लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपति मित्रों के लिए निजीकरण के रास्ते देश को गिरवी रखने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ उर्जा क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए पहले ही कोरोना काल में काले कृषि कानून के साथ साथ बिजली कानून 2020 संसद से पास करा लिया है। 13 महीने के लंबे किसान आंदोलन के चलते कृषि कानून तो वापस ले लिया, लेकिन बिजली कानून वापस नहीं लिया। स्मार्ट मीटर किसानों, छोटे दूकानदारों समेत आमलोगों को अत्याधिक महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर करेगा। यह मोबाइल रिचार्ज सिस्टम जैसा हो जाएगा यानी जिस समय रिचार्ज खत्म उसी समय अंधेरा हो जाएगा। बैठक में निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, आंगनबाड़ी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, जिला सचिव वर्षा रानी व रीना देवी आदि मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### हॉकी इंडिया ने वंदना कटारिया को 300 मैच पूरे करने पर दी बधाई



**रांची:** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को 300वां अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने पर बधाई दी है। उत्तराखंड के रोशनाबाद की रहने वाली वंदना ने मंगलवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में जापान के खिलाफ भारत के मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय खेल खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी भी बन गईं। भारत मौजूदा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में अब तक अजेय रहा है, उसने अपना पहला गेम थाईलैंड के खिलाफ 7-1 से जीता, अपने दूसरे मैच में मलेशिया के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की और फिर रोमांचक मुकाबले में चीन को 2-1 से हराया। जर्मनी के मोनचेंग्लादबाक में जूनियर महिला विश्व कप में भारतीय टीम के लिए शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त होने के बाद वंदना सुर्खियों में आईं और टीम को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारत के ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओलंपिक खेलों में हैट्रिक बनाने वाली पहली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी भी हैं। उन्हें 2022 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। अनुभवी फॉरवर्ड 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 महिला एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य थीं। उन्होंने टीम को 2022 एशिया कप में कांस्य पदक दिलाने में मदद की, एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहीं और फिर एफआईएच नेशंस कप 2022 जीता। उनके नाम पर 2022 राष्ट्रमंडल कांस्य पदक भी है।

### ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर और मनीषा कीर और पृथ्वीराज टोंडमन की मिक्स्ड ट्रैप टीम ने जीता स्वर्ण पदक



**चांगवोन :** भारतीय राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर और मनीषा कीर और पृथ्वीराज टोंडमन की मिक्स्ड ट्रैप टीम ने बुधवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक हासिल किए। दक्षिण कोरिया के चांगवोन मे चल रही चैम्पियनशिप में भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में 463.5 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य एशियन खेल 2023 में चार पदकों के साथ सबसे सफल निशानेबाज थे। चीन के तियान जियामिग ने 462.7 के स्कोर के साथ रजत पदक, जबकि उनके हमवतन डु लिशु ने 450.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। शीर्ष दो फिनिशर, प्रत्येक देश से एक ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में भारत का कोटा पहले ही अपनी अधिकतम सीमा दो तक पहुंच गया था। इसके परिणामस्वरूप, तोमर के स्वर्ण पदक से भारत के ओलंपिक कोटे की कुल संख्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**बैठक** झारखंड का सम्मान बढ़ाने के लिए भोलानाथ सिंह को सभी 24 जिला के अध्यक्ष,सचिवों ने दी बधाई

# हॉकी झारखंड की हुई 10वीं वार्षिक आम सभा

- सिमडेगा को लगातार तीसरा वर्ष मिला बेस्ट डिस्ट्रिक ऑफ द हॉकी
- सबजुनियर महिला सिमडेगा में और जूनियर महिला खूंटी में किया जाएगा




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित आम सभा में एशिया हॉकी महासंघ के निदेशक गुलाम घोष,हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण ,हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव जी भी हुए शामिल । झारखंड की धरती पर पहला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कर इतिहास बनाने और झारखंड का सम्मान बढ़ाने के लिए भोलानाथ सिंह को सभी 24 जिला के अध्यक्ष,सचिवों ने दी बधाई। हॉकी सिमडेगा को लगातार तीसरा वर्ष मिला बेस्ट डिस्ट्रिक ऑफ द हॉकी झारखंड का अवार्ड,जब कि हॉकी झारखंड का इस वर्ष का बेस्ट कोच पुरुष मनीष कुमार और महिला में हिमांशु को दिया । 2023-24 में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता= सीनियर महिला पुरुष रांची में ,जूनियर सब जूनियर पुरुष जमशेदपुर में, सबजुनियर महिला सिमडेगा में और जूनियर महिला खूंटी में किया जाएगा।

झारखंड के सभी 24 जिला में ट्रॉफी टूर का शानदार कार्यक्रम कराने के लिए सभी जिला कमिटी को बधाई दी गई।

रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभागार में आज हॉकी झारखंड की 10वी वार्षिक आम सभा अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में हॉकी झारखंड के कार्यकारणी समिति के सदस्य, सभी 24 जिला के अध्यक्ष, सचिव और मुख्य रूप से एशिया हॉकी महासंघ के Mr. Ghulam Ghous, Manager Coaching and Development AHF & Head of International relation AHF , हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर श्री आरके श्रीवास्तव जी भी उपस्थित थे। भारत देश के किसी भी खेल संघ के राज्य इकाई के वार्षिक आम सभा में संभवत इतिहास में पहली बार महादेश स्तर और राष्ट्रीय खेल महासंघ के पदाधिकारी सामिल हुए हो। हॉकी झारखंड के समस्त खेल प्रेमियों की ओर से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह जी ने इन सभी पदाधिकारी को शॉल ओढाकर एवं बुके देकर स्वागत किया।

आज के वार्षिक आमसभा में विशेष रूप से पिछले वर्ष के बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि के साथ-साथ विगत एक वर्ष के आय व्यय का ब्योरा पेश किया गया तथा हॉकी के विकास के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा और आगामी वर्षों होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं पर चर्चा करने के उपरांत सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष 2023 =24 में सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता रांची में, जूनियर और सब जूनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता जमशेदपुर में, सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा। इस वर्ष 2022=23 का महिला सब जूनियर प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिलाओं की प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा।

वर्ष 2022-23 का हॉकी झारखंड का बेस्ट जिला हॉकी संघ का अवार्ड हॉकी सिमडेगा को दिया गया, जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों को एशिया हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। इस वर्ष के लिए का बेस्ट कोच का अवार्ड हॉकी झारखंड पुरुष स्वर्ग में मनीष कुमार और महिला वर्ग में हिमांशु को दिया गया।

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह जी ने सभी जिला के अध्यक्ष साथियों को कड़ा संदेश दिया कि आगामी एक माह के अंदर सभी कोई अपने जिला का सोसाइटी एक्ट में निबंध कर ले और अपना बैंक खाता खोल कर पासबुक और पैन कार्ड बनवा ले। साथ ही साथ अपने जिला में जिला स्तरीय सब जूनियर जूनियर और सीनियर जिला चैंपियनशिप का आयोजन करें। हॉकी इंडिया के कार्यपालक निर्देशक कमांडर आरके श्रीवास्तव जी ने कहा कि 30 जिला में सोसाइटी एक का निबंध के साथ के साथ बैंक खाता और पैन कार्ड रहेगा और वह जिला महिला पुरुष दोनो वर्ग का सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे उन्हें हॉकी इंडिया डायरेक्ट एक लाख रुपए का अनुदान देगा।

ओके झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहां की इस वर्ष हॉकी झारखंड ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग के सब जूनियर और जूनियर में रजत पदक तथा सीनियर में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने सभी जिला के अध्यक्ष सचिवों से कहा कि अपने-अपने जिला में प्रतियोगिताओं का आयोजन जल्द से जल्द करें ।

झारखंड राज्य कुश्ती संघ की 34 वी वार्षिक आमसभा में आज लिए गए कई निर्णय

## पलामू में होगा सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर 23 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता लोहरदगा में

- बबलू कुमार को मिला 2022-23 का बेस्ट कुश्ती कोच का अवार्ड



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड राज्य कुश्ती संघ की 24वीं वार्षिक आमसभा आज मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची के सभागार में श्री अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में और झारखंड में कुश्ती के भीष्म पितामह श्री भोलानाथ सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें झारखंड के सभी जिला 24 जिला के अध्यक्ष, सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ कार्यकारिणी समिति के सदस्य शामिल हुए। आम सभा में उपस्थित सदस्यों के बीच झारखंड राज कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने विगत 23वीं वार्षिक आमसभा के बैठक की कार्यवाही पढ़कर बतलाया जिसे सदस्यों ने संपुष्ट किया , ततपश्चात विगत 1 वर्ष के आय व्यय का ब्योरा पेश किया । श्री रजनीश कुमार ने विगत एक वर्ष के कुश्ती के विकास के लिए किए गए कार्यों का ब्योरा पेश करने के साथ आगामी 2023= 24 के लिए कार्यक्रम रखा और सर्व समिति से निर्णय लिया गया। कि 24 वी सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन पलामू में, अंडर 23 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता लोहरदगा में ,मिट्टी कुश्ती गढ़वा में और बीच कुश्ती देवघर में करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष 2022-23 के लिए झारखंड का बेस्ट कुश्ती कोच का अवार्ड श्री बबलू कुमार को दिया गया श्री बबलू कुमार को लगातार तीसरे वर्ष बेस्ट कोच आफ झारखंड का पुरस्कार दिया गया है इसके अलावे झारखंड का बेस्ट जिला कुश्ती संघ का अवार्ड दुमका जिला कुश्ती संघ को दिया गया।

### शरीर थका हुआ है लेकिन दिल अब भी जवां: वीरधवल खड़े

**पणजी:** महाराष्ट्र के वीरधवल खड़े ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में मंगलवार को तैराकी का स्वर्ण पदक अपने नाम करने के बाद खुलासा किया कि राष्ट्रीय खेलों में यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है और वह इसे शानदार प्रदर्शन के साथ खत्म करना चाहते थे। इस 32 वर्षीय तैराक ने भारत के उभरते हुए तैराकी सनसनी श्रीहरि नटराज को पछाड़ कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने जैसे ही दीवार को छुआ वह जोश के साथ हवा में उछल पड़े। उनके जोश और जश्न से बिल्कुल साफ था कि स्वर्ण पदक जीतना,उनके लिए कितना मायने रखता है। 2008 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय तैराक बने थे। खड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर तैराकी में अपने 24 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

## पूल में शीर्ष मुकाम के लिए कोरिया भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में गुरुवार को भारतीय महिला टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहने के लिए आखिरी मुकाबले में कोरिया से भिड़ेगी। कल होने वाले मुकाबले में ऊंचे मनोबल के साथ भारतीय टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी अजेय लय को बरकरार रखना और पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल करना है जबकि कोरिया की नजरें मेजबान के खिलाफ जीत दर्जकर पूल चरण को शानदार तरीके से समाप्त करने पर होगी। उल्लेखनीय है कि दोनों टीमें पहले ही प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन कर रहा है और पूल चरण के अपने पिछले चार मुकाबलों में उसने थाईलैंड,



मलेशिया, चीन और जापान के खिलाफ जीत दर्ज की है। वह 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। कोनिया ने चीन के खिलाफ 1-0 से और थाईलैंड के खिलाफ 3-0 से शानदार जीत हासिल की, लेकिन उसे जापान के खिलाफ 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, मलेशिया के खिलाफ उनका मैच 1-1 से ड्रा रहा इतिहास में देखा जाये तो भारत और कोरिया ने बीच 20 मैच खेले है। जिसमें कोरिया ने 12 और भारत ने पांच मैचों में जीत हासिल की है, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

## जान्हवी कपूर ने देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी की



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवराः पार्ट 1 में एनटीआर जूनियर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर कपूर की मुख्य भूमिका है।जान्हवी कपूर ने देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है।जान्हवी कपूर ने टीम और सेट को मिस करते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है। साथ ही अपने किरदार थंगम का भी परिचय दिया, जिसका मतलब सोना होता है। साझा की गई तस्वीर में जाह्नवी पारंपरिक हरे और नीले रंग की साड़ी पहने नजर आ रहे हैं। उनके कैप्शन में लिखा था, सेट, टीम को मिस कर रही हूं और थंगम की भूमिका को अपना रही हूं। #देवरा। देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, और नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पहला भाग 1 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होगा।

## 50 वर्ष की हुई ऐश्वर्या राय

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय आज 50 वर्ष की हो गयी। ऐश्वर्या का जन्म 01 नवंबर 1973 को मैंगलोर में हुआ। कुछ वर्ष के बाद उनका परिवार मुंबई आ गया जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। बचपन में उनका रूझान वास्तुकार बनने की ओर था लेकिन बाद में उनका रूझान मॉलिंग इंडस्ट्री की ओर हो गया। वर्ष 1994 में ऐश्वर्या राय ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जहां उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब से नवाजा गया । मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय सुंदरता का परचम पूरी दुनिया में लहराते हुये रीता फारिया के बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय सुंदरी बन गयीं। इस प्रतियोगिता में उन्हें मिस फोटोजेनिक के खिताब से भी नवाजा गया। प्रतियोगिता को जीतने के बाद ऐश्वर्या राय ने सामाजिक सरोकार से जुड़े कई क्षेत्रों में काम किया और इस दौरान उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1997 में ऐश्वर्या ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'इरूअर' से की। इसी वर्ष ऐश्वर्या ने बॉलीवुड में भी कदम रखा और बॉबी देओल के साथ 'और प्यार हो गया' में काम किया। दुर्भाग्य से यह फिल्म टिकट खिड़की पर विफल साबित हुयी। इसके बाद 1998 में ऐश्वर्या ने एस.शंकर की तमिल फिल्म 'जीन्स' में काम किया। इस फिल्म की व्यावसायिक सफलता के बाद ऐश्वर्या राय फिल्म इंडस्ट्री में कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयीं। वर्ष 1999 में संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' ऐश्वर्या के सिने कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सलमान खान और अजय देवगन जैसे मंझे हुये सितारे की मौजूदगी में भी ऐश्वर्या ने फिल्म में ..नंदिनी.. के किरदार को रूपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित की गयीं।वर्ष 1999 में ही ऐश्वर्या राय को प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक सुभाष घई की फिल्म 'ताल' में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म ने खासकर अमरीका में टॉप 20 फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये भी नामांकित की गयीं। वर्ष 2000 ऐश्वर्या राय के सिने कैरियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसके साथ ही ऐश्वर्या राय की 'हमारा दिल आपके पास है' और 'मोहब्बतें' जैसी कामयाब फिल्में भी प्रदर्शित हुयीं। वर्ष 2002 में ऐश्वर्या राय को शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के मशहूर उपन्यास.देवदास.पर बनी फिल्म में काम करने का अवसर मिला। संजय लीला भंसाली इसी नाम से बनी फिल्म में ..पारो.. के अपने किरदार से दर्शको का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिये दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयीं। इस फिल्म को कांस फिल्म समारोह में विशेष स्क्रीनिंग के दौरान दिखाया भी गया। वर्ष 2003 में ऐश्वर्या ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और फिल्म 'दिल का रिश्ता' का निर्माण किया लेकिन यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नही रही। वर्ष 2004 में ऐश्वर्या को गुरिन्दर चड्ढा की अंग्रेजी फिल्म 'प्राइड एंड प्रीजुडिस' और राज कुमार संतोषी की फिल्म 'खाकी' में सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म में ऐश्वर्या ने अपने सिने कैरियर में पहली बार नेगेटिव किरदार निभाया जो सिने दर्शको को काफी पसंद आया। वर्ष 2004 ऐश्वर्या के सिने कैरियर का उपलब्धियों वाला वर्ष साबित हुआ। उस वर्ष उनके ऐश्वर्य को देखते हुये लंदन के सुप्रसिद्ध मैडम तुसाद म्यूजियम में उनका मोम का पुतला लगाया गया। इसी साल अमरीका की सुप्रसिद्ध पत्रिका टाइम मैगजीन ने विश्व की 100 प्रभावशाली हस्तियों में ऐश्वर्या का नाम शामिल किया। वर्ष 2009 में फिल्म क्षेत्र में ऐश्वर्या राय के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिषेक बच्चन के साथ शादी के बाद अपने पारिवारिक दायित्व को देखते हुये



ऐश्वर्या ने फिल्मों में काम करना काफी कम कर दिया। वर्ष 2010 में प्रदर्शित फिल्म 'गुजारिश' में काम करने के बाद ऐश्वर्या फिल्म इंडस्ट्री से दूर हो गयीं। ऐश्वर्या ने वर्ष 2015 में प्रदर्शित फिल्म जज्बा से इंडस्ट्री में कमबैक किया है। ऐश्वर्या की वर्ष 2016 में सरबजीत और ऐ दिल है मुश्किल प्रदर्शित हुयी है जिसे टिकट खिड़की पर कामयाबी मिली। वर्ष 2018 में ऐश्वर्या की फिल्म फन्ने खान प्रदर्शित हुयी है। इसके बाद ऐश्वर्या राय ने कुछ समय के लिये ब्रेक ले लिया। वर्ष 2022 में ऐश्वर्या राय की पोन्नियिन सेलवन और वर्ष 2023 में पोन्नियिन सेलवन 2 जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी।

### अक्षरा सिंह का गाना 'यूपी बिहार लूटने' रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का गाना 'यूपी बिहार लूटने' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज निर्मित, 'यूपी बिहार लूटने' अजीत मंडल द्वारा रचित और लिखा गया है, और संगीत आर्य शर्मा ने दिया है। यह गाना अक्षरा सिंह अभिनीत और मुदस्सर खान द्वारा निर्देशित है। अक्षरा सिंह ने कहा,मैं अपने प्रशंसकों के समक्ष 'यूपी बिहार लूटने' पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं, एक ऐसा ट्रैक जो एक अच्छा समय बिताने और उस पल का पूरा आनंद लेने के बारे में है। यह एक डांस सॉन्ग है और मैं इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं । प्रशंसक जब ये म्यूजिक वीडियो देखेंगे तो यह उनके लिए एक रोमांचक यात्रा होने वाली है।

### केडी-द डेविल में धर्मा की भूमिका निभाएंगे रमेश अरविंद

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय अभिनेता रमेश अरविंद फिल्म केडी-द डेविल में धर्मा की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। ध्रुव सरजा की मुख्य भूमिका वाली फिल्म केडी-द डेविल मेंअ रमेश अरविंद धर्मा की भूमिका निभाएंगे। उनके लुक और किरदार के नाम को देखकर प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि रमेश फिल्म में एक धार्मिक अवतार में नजर आएंगे। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं।

## अब्बास-मस्तान की एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे सनी देओल

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनता सनी देओल निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान की एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। गदर 2 की सफलता के बाद सनी देओल,आमिर खान के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म ह्यलाहौर 1947ह्ल में काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे। बताया जा रहा है कि सनी देओल, इसके अलावा अब्बास-मस्तान के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म को विशाल राणा प्रोड्यूस कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अब्बास मस्तान- सनी देओल के बीच एक लंबे समय से एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी, अब फाइनली चीजें सही जगह पर हैं। ये एक बिग स्केल एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है,



जो ट्विस्ट एंड टर्न से भरपूर होगी। मेकर्स ने सनी देओल स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म का प्री-प्रोडक्शन वर्क शुरू कर दिया है।

## ट्रांसफर आदेश को हाई कोर्ट ने किया निरस्त

रांची:तृतीय वर्ग के कर्मियों के ट्रांसफर आदेश के खिलाफ दायर अंबरीश कुमार व मुग्धा तिवारी की अलग-अलग याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में तृतीय वर्ग के कर्मचारियों के ट्रांसफर का अधिकार कुलपति को नहीं है।

**फिरौती** कोयलांचल धनबाद के व्यापारियों से आये दिन फिरौती मांगने की घटना

# चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा, 500 करोड़ के कारोबार का हुआ नुकसान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कोयलांचल धनबाद के व्यापारियों से आये दिन फिरौती मांगी जाती है। फिरौती में देर करने या नहीं देने पर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। बढ़ते अपराध को देखते हुए धनबाद के व्यापारी संघ ने करवा चौथ पर जहां पांच सौ करोड़ का कारोबार होता था। व्यापारी अपना व्यापार बंद कर घरों में बैठे हुए हैं।धनबाद के व्यापारी विकास अग्रवाल ने कहा कि फिरौती मांगने वाले खान गिरोह का प्रभाव इन दिनों काफी बढ़ गया है। विगत कुछ माह में गिरोह के लोग सिर्फ समय पूछते हैं, और समय से लेट होते ही मार देते हैं। इस तरह का क्राइम तो फिल्मों में देखने को मिलता था, जहां अंडरवर्ल्ड के धमकी के बाद समय पर पैसा नहीं दिये जाने पर मार दिया जाता था। कुछ इसी अंदाज में धनबाद में भी यह गिरोह काम कर रहा है। अब तक कई




व्यापारियों को टारगेट में लेकर गिरोह ने गोली मारी है। सलूजा मोटर्स में घटी घटना इस बात की गवाह है कि अपराधी ने धमकी के साथ दो फायरिंग की। यह फायरिंग सिर्फ डराने के लिए था। उसके बाद निर्धारित समय पर पैसा नहीं दिए जाने के कुछ ही समय अंतराल में व्यापारी को मार दिया जाता है।झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पर आपत्ति जताते हुए बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर विरोध जताया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराध से सरकार बेखौफ है। इसे लेकर डीजीपी को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। 100 करोड़ का जीएसटी प्रत्येक दिन देने वाला व्यापारी आज झारखंड में डरा हुआ है, जिसमें सबसे अधिक टैक्स देने वाले धनबाद के व्यापारी अपना व्यापार छोड़ घर में बैठे हुए हैं। ऐसे में राज्य का विकास कैसे हो सकेगा। इसलिए जरूरी है की स्पेशल टास्क फोर्स का गठित कर सरकार इसकी जिम्मेवारी ले। सरकार के लिए यह भी जरूरी हो गया है कि यदि राज्य का छवि गंदा होता है तो बाहर से होने वाला इन्वेस्टमेंट काम हो जाएगा। इसलिए सरकार उस गिरोह को समाप्त कर अपनी छवि को दुरुस्त कर सकती है। चैंबर्स ने डीजीपी से मिलने का निर्णय लिया है, इसके बाद चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल अगले दो दिनों में धनबाद जाएगा। मौके पर आरके चौधरी प्रो मोटर्स पीआरओ, ज्योति कुमारी कोषाध्यक्ष एफजेसीसीआई, रोहित पोद्दार, विकास विजयवर्गीय, सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

## झारखंड में हर महीने हो रही 150 लोगों की हत्या, 12 लूट और 140 के साथ दुष्कर्म



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य के डीजीपी हर महीने जिले के एसपी के साथ अपराध नियंत्रण की समीक्षा बैठक कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ झारखंड में हर महीने 150 लोगों की हत्या, 12 लूट और 140 लोगों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। पिछले आठ महीने के दौरान राज्य के अलग-अलग जिलों में 1196 हत्या, 1097 दुष्कर्म, 348 लूट, 21 फिरौती के लिए अपहरण और 77 डकैती की घटनाएं हुई है।झारखंड के कारोबारी संगठित आपराधिक गिरोह के निशाने पर हैं। आये दिन अलग-अलग कारोबार से जुड़े लोगों की हत्याएं हो रही है या फिर उनसे लेवी की मांग की जा रही है। लेवी का पैसा नहीं देने पर कारोबारियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। इन अपराधियों के निशाने पर सबसे अधिक कोल परियोजना और रेलवे साइडिंग से जुड़े कोयला कारोबारी हैं। पिछले कुछ महीनों की बात करें तो कोयला और अन्य कारोबार से जुड़े लोगों से लेवी वसूली की कई घटनाएं सामने आयी है। लेवी नहीं देने पर कई लोगों की गोली मारकर हत्या भी कर दी गयी। इसके अलावा अलग-अलग आपराधिक संगठनों ने वर्चस्व बनाने के लिए गोलीबारी की घटनाओं को भी अंजाम दिया।झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के 28 अपराधी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये सभी अपराधी अखिलेश सिंह, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान, अमन श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह से जुड़े हुए हैं। इनमें से सबसे अधिक अमन साहू और अखिलेश सिंह गिरोह में दूसरे राज्य के अपराधी जुड़े हुए हैं। इसके अलावा झारखंड में पश्चिम बंगाल के 74, ओडिशा के 10 और बिहार के 153 अपराधी वांछित हैं।

## साइबर अपराध पर नकेल के लिए 7-8 नवंबर को छह राज्य बनाएंगे रणनीति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए सात और आठ नवंबर को रांची में छह राज्य मिलकर रणनीति बनाएंगे। इस बैठक में झारखंड पुलिस के साथ-साथ बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और यूपी पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान झारखंड के सभी क्षेत्रीय डीआईजी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में की गई कार्रवाई की जानकारी देंगे। साथ ही साइबर अपराध पर नकेल कसने व सजा दिलाने की पहलुओं पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में पुलिस के जांच पदाधिकारियों के साथ न्यायिक पदाधिकारी भी शामिल होंगे।झारखंड सीआईडी की टीम ने झारखंड और संबंधित राज्यों से जुड़े साइबर अपराधियों का डोजियर तैयार किया है।




डोजियर को बैठक में भाग लेने वाले संबंधित राज्यों को सौंपा जाएगा। इसी तरह दूसरे राज्यों की पुलिस भी राज्य के उन साइबर अपराधियों की सूची सौंपेगी, जो झारखंड से दूसरे राज्यों में साइबर अपराध को अंजाम देते हैं।

## सुबह और शाम को धुंध के साथ बढ़ेगी और ठंड, मौसम रहेगा शुष्क

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में एक बार फिर से मौसम में बदलाव होने वाला है। राज्य के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। राज्य में देश के उत्तर दिशा से आ रही सर्द हवाओं से शाम होते ही चारों ओर कोहरे साथ ही ओस की बूंदे गिरने लगती है। जिससे शाम होते ही घरों से बाहर लोगों को ठंड सताने लगी है। इसे अलावे सुबह-सुबह भी ठंड का एहसास होने लगा है। लेकिन धूप के खिलने के बाद लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में आज मौसम साफ रहने



का अनुमान जताया गया है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विभाग के अनुसार रांची तथा आसपास के क्षेत्रों में मौसम साफ रहने की आशंका है। राजधानी रांची के अलावे राज्य के कई हिस्सों में ठंड का असर दिखने लगा है। लोगों को सुबह और शाम ठंड का एहसास होने लगा है। अगले पांच दिनों के मौसम का पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में राज्य का मौसम शुष्क रहेगा। कई हिस्सों में सुबह धुंध और कोहरे देखने को भी मिलेगा। मौसम विभाग केंद्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य में नवंबर महीने के शुरूआत के साथ ही ठंड में और अधिक बढ़ोत्तरी होने की आशंका है। राज्य के कई हिस्सों (जिलों) में हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों तक राज्य के कई भागों में मौसम साफ रहेगा। इस बीच अधिकतम और न्यूनतम पारा में गिरावट जारी रहेगा।

### तीसरी आंख से झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा की निगरानी

रांची : छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। दोनों राज्य मिलकर एक साथ नक्सलियों के खिलाफ जॉइंट अभियान भी चला रहे हैं ताकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सली बाधक न बने। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर से विधानसभा चुनाव का बिगुल बजाने वाला है।

दरअसल झारखंड के सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और गढ़वा जैसे जिलों की सीमाएं सीधे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली अक्सर अपने आप को सुरक्षित करने के लिए झारखंड आ जाते हैं, वहीं जब झारखंड में दबाव बढ़ता है तब छत्तीसगढ़ की और कूच कर जाते हैं।

छत्तीसगढ़ चुनाव में भी नक्सली बड़े बाधक हैं।

## चक्रधरपुर, रांची और हावड़ा से चलनेवाली कुछ ट्रेनों में 4 नवंबर तक लगेंगे अतिरिक्त कोच

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** त्योहार सीजन को देखते हुए रेलवे बोर्ड की ओर से कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबध में अलग अलग रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनों के संबध में सूचना जारी कर दी गयी है। रेलवे बोर्ड के निर्णय से राज्य के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। जहां, चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली पांच ट्रेनों में, रांची रेल मंडल से चलने वाली एक ट्रेन में और हावड़ा से खुलने वाली एक ट्रेन में एक से 4 नवंबर तक एक-एक अतिरिक्त कोच लगा कर चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे सात ट्रेनों में विभिन्न तिथियों में स्लीपर कोच



और थर्ड एसी कोच लगा कर चलायेगी। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने निर्णय लिया है। 4 नवंबर के बाद इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच के साथ परिचालन की तारीख बढ़ाने की संभावना है।

## शहरी विकास की योजनाओं की स्वीकृति के लिए मांगा गया प्रस्ताव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**नगर विकास विभाग ने 15 वें वित्त आयोग से चयनित और तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सूची सभी नगर निकायों से मांगी है। जल्द ही इन योजनाओं की स्वीकृति मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाइलेबल बैठक कर दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने सभी नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, विशेष पदाधिकारी को पत्र लिखा है। भारत सरकार ने नन मिलियन सिटीज के लिए टाइड व अनटाइड ग्रांट की राशि विमुक्त की है। अनटाइड फंड से क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओ जिसमें



मुख्यतः वेंडिंग जोन, मार्केट का निर्माण, पार्क का निर्माण, ऑटो स्टैंड, तालाब का निर्माण, सौंदर्यीकरण, संवर्द्धन एवं जीर्णोद्धार, विद्युत शवदाह गृह का निर्माण, चौक-चौराहों पर यातायात सुगमीकरण, सौंदर्यीकरण इत्यादि कार्य किए जाने हैं। वहीं, टाइड फंड से पेयजल, वायूपरिवेश गुणवत्ता तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की योजनाओं पर व्यय करना है। इन सारी योजनाओं का डीपीआर अविलंब फाइलन करके उसकी तकनीकी देने को कहा गया है ताकि राज्य सरकार के स्तर पर प्रशासनिक स्वीकृति दी जा सके। विभाग ने जल्द ही सारी योजनाओं का प्रस्ताव मांगा है ताकि उच्चस्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक से स्वीकृति ली जा सके।

**गुहार** धनबाद में कारोबारियों को सुरक्षा देने की लगाई गुहार

# झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने डीजीपी से की मुलाकात

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के धनबाद जिले में अपराधियों का खौफ सिर चढ़कर बोल रहा है। भले ही अपराधी गिरफ्तार कर लिए जा रहे हैं, लेकिन गोलीबारी और रंगदारी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। धनबाद में कारोबार करने वाले कारोबारी अपराधियों के निशाने पर हैं। अपराधियों से परेशान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सदस्यों ने डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।डीजीपी अजय कुमार से मुलाकात कर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने उन्हें बताया कि धनबाद जिले में नियमित रूप से व्यापारियों के साथ रंगदारी, धमकी, फायरिंग और बमबाजी



की घटनाओं से जिले जिले में व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी हैं। धनबाद में बढ़ते अपराध, रंगदारी की मांग और आए दिन प्रतिष्ठानों, व्यवसायियों और चिकित्सकों पर अपराधियों के द्वारा फायरिंग की जा रही है। अपराध से त्रस्त धनबाद के कारोबारी ने बुधवार से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं। पर्व-त्यौहार के सीजन में भी व्यापारी इतने खौफ में है कि उन्होंने अपनी दुकान बंद कर रखी हैं।चैंबर के सदस्यों ने डीजीपी से गुहार लगाई की धनबाद जिले की विधि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया जाए। चैंबर ने डीजीपी से यह भी अनुरोध किया है कि धनबाद जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाए और वहां एटीएस को पदस्थापित किया जाए, जो केवल धनबाद जिले की विधि व्यवस्था की समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई कर सके।वहीं डीजीपी अजय कुमार सिंह ने चैंबर के सदस्यों को यह आश्वासन दिया है कि धनबाद में हर हाल में कारोबारी को सुरक्षा प्रदान की जाएगी। डीजीपी ने बताया कि मोटर पार्ट्स के कारोबारी पर हमले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य जो भी गैंग धनबाद में सक्रिय हैं उन पर नकेल करने के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कारोबारियों से अपील की है कि वे लोग धनबाद में अपनी दुकान खोलना शुरू करें। पुलिस उन्हें सुरक्षा देगी। वहीं, दूसरी तरफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि जब तक धनबाद के कारोबारी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो जाएंगे तब तक दुकानें नहीं खोली जाएंगी। अगर पुलिस के द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो बंदी का निर्णय पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

